# जयपुर माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ❖ अंक 01 ❖ जून 2025 ❖ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति



## गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ

**त्रैवार्षिक चुनाव तिथि (सत्र 2025-28) : रविवार, 27 जुलाई, 2025**

(श्री माहेश्वरी समाज, श्री माहेश्वरी महिला परिषद एवं श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष व कार्यकारिणी चुनाव)

64 वर्षो से आपके विश्वास पर खरी...

# माहेश्वरी चाय

स्थापित-1961

आपके कप की चाय




हमारा इरादा,
आपकी संतुष्टि
ज्यादा से ज्यादा




## माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि. जयपुर

फोन : 0141 - 2740919, 2312723

contact@maheshwaritea.com | www.maheshwaritea.com

www.instagram.com/maheshwari_chai   www.facebook.com/maheshwaritea

SIDDHI

वर्ष 16 | अंक 1 | जून, 2025
RNI NO. RAJBIL/2010/36984
2621644
2623500
2621100

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

**परामर्श मंडल**
बृजमोहन बाहेती
विमलकिशोर सारड़ा
अखिल माहेश्वरी (शकुन ग्रुप)
सत्यनारायण सारड़ा
प्रभा सिंघी
सूर्यप्रकाश लाहोटी
श्यामसुन्दर झंवर (लालगढ़)
राजेन्द्र गट्टाणी
सुरेन्द्र बजाज

**मीडिया संयोजक**
किशन राठी

**सह-संपादक**
संदीप कचोलिया
जयन्त बाहेती
महेश मालपानी
पंकज चिंतलांग्या (बीलवा)
श्रीलाल राठी
विष्णु बियानी
कमल पेड़ीवाल
पवन फलोड़
विमल लढ्ढा

**संपादकीय टीम**
कमल किशोर मूंदड़ा
रोहित केला
सुभाष तोतला
संजय भूतड़ा
विनय तोतला
लीलाधर बजाज
गगन साबू
सुनीता जैथलिया
सीमा झंवर
सुनीता पेड़ीवाल
सरिता मोहता
सुमन सामरिया
मेघा बियानी

**विज्ञापन सहसंयोजक**
पंकज कालानी

**विज्ञापन संकलन टीम**
श्यामसुन्दर मूंदड़ा
सुमित काबरा (काबरा ऑप्टिकल)
नवनीत आगीवाल
शिव मूंदड़ा
संदीप सारड़ा
बृजकिशोर सामरिया
महावीर बियानी

मनोज मूंदड़ा - महामंत्री द्वारा
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक व मुद्रक



**अरुण बाहेती**
प्रचार मंत्री
93141-38851



**आशीष सोमानी**
प्रधान संपादक
99502-17000



**संजय बियाणी (नावां)**
संपादक
98290-68590

## संपादकीय

# पर्वों व उत्सवों को मिल-जुलकर मनाना हमारी परंपरा

जीवन में पिता का स्थान कोई नहीं ले सकता। पिता को आकाश से भी बड़ा माना गया है। फादर्स डे पर सभी ने अपने पिता का सम्मान किया व उन्हें याद कर अपने कर्त्तव्य का निर्वहन किया।

*गुरु बिन ज्ञान न उपजे, गुरु बिन मिले न मोष।*
*गुरु बिन लखै न सत्य को, गुरु बिन मिटै न दोष।।*

गुरुओं की महिमा अपरंपार है। जीवन के विकास में गुरुओं का काफी योगदान रहता है। गुरु ही हमें सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म से परिचय करवाता है। ऐसे गुरु को श्रद्धापूर्वक याद करना हम सबका कर्त्तव्य है। हमारे समाज में गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान-पूजन करने की परंपरा रही है। हम सभी उसका अनुसरण करने में पीछे नहीं है। आगामी 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर समाज की ओर से अनेक कार्यक्रम आयोजित कर उनका पूजन व सम्मान किया जाएगा।

ईश्वर के बाद किसी से आशा रखी जाती है वह है डॉक्टर। भगवान का नाम बाद में, पहले डॉक्टर याद आता है। उसका केवल यह कहना कि चिन्ता की कोई बात नहीं, मन को सुकून मिल जाता है, आधी बीमारी दूर हो जाती है। डॉक्टर्स के इसी महत्व को इंगित करने एवं डॉक्टर्स के प्रति अपने कृतज्ञ भाव को प्रकट करने के लिए पत्रिका में डॉक्टर्स डे पर एक आलेख दिया गया है।

आगामी माह में श्री माहेश्वरी समाज एवं अन्तर्गत संस्थाओं श्री माहेश्वरी महिला परिषद एवं श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष पद एवं कार्यकारिणी के सत्र 2025-28 के चुनाव होने जा रहे है। आप सब पंजीकृत समाज सदस्यों से आग्रह है कि चुनावों में अधिक से अधिक भाग लेते हुए अपने मत का उपयोग कर समाज की इस लोकतान्त्रिक परंपरा को मजबूती प्रदान करें एवं समाज के उत्थान में अपना योगदान देवें।

**सादर जय महेश।**

**संपादक**





# ORTHOSQUARE MULTISPECIALITY DENTAL CLINIC

**125+** Pan India Clinics | **25,000+** Google Reviews | **5Lakh+** Happy Patients | **2Lakh+** Implants Placed

Scan QR Code to Book Your First
**FREE Consultation with Implantologist**

+91 70420 05277 | +91 86557 01307

www.orthosquare.com

*T&C Apply

AFFORDABLE
NO COST EMI
BAJAJ FINSERV

Visit your nearest clinic in
**JAIPUR**

14/122, Shipra Path,
Mansarovar Sector 1,
Mansarovar, Jaipur, Rajasthan

No 113,114,115 A, Fist floor,
Manglam Apex Tower, Tonk Rd,
Lalkothi, Jaipur, Rajasthan

Clinics in Pan India

**Delhi-NCR** | **Haryana** | **Rajasthan** - Jaipur | **Madhya Pradesh** - Bhopal, Indore | **Gujarat** - Ahemedabad, Rajkot | Surat, Vapi, Valsad, Vadodara
**Maharashtra** - Mumbai, Thane, Pune, Navi Mumbai, Aurangabad, Nagpur, Nashik | **Karnataka** - Bengaluru, Hubballi, Mysore, Mangalore
**Hyderabad** | **Tamil Nadu** - Chennai, Tiruchirapalli | **Kerala** - Kochi, Vytilla, Trivandrum | **Goa** - Madgaon, Porvorim



**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

# शिक्षा के बाद ईसीएमएस का स्वास्थ्य व चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश

“समझनी है जिंदगी तो पिछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो।”

**सादर जय महेश**

गत 4 जून को हम सबने माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी को बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं शोभा यात्रा में समाज बंधुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न उत्सवों व पर्वों को समारोह पूर्वक मनाना हमारी परंपरा रही है। यह परंपरा कायम रहे, भगवान महेश से यही प्रार्थना है। महेश नवमी महोत्सव के सफल आयोजन एवं महेश सेवा कोष में समाज दानदाताओं द्वारा दिये गये आर्थिक सहयोग के लिए समाज बंधुओं का हृदय से आभार।

संगठन व सहयोग में अपार शक्ति होती है। माहेश्वरी समाज ने इसे अनेक बार सिद्ध किया है। समाज में कर्मठ व समर्पित समाज बंधुओं की कमी नहीं है। ऐसे लोगों की वजह से ही समाज विकास की सीढ़ियां चढ़ता जा रहा है। प्रसन्नता की बात है कि दी एजुकेशन कमेटी ऑव दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) अमृत शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

ईसीएमएस द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थाएं प्रगति के आयाम स्थापित कर रही हैं। हमारे अग्रजों की दूरदर्शी सोच, ईश्वर की कृपा और आप सभी की शुभकामनाओं से सौ वर्षों से स्कूली शिक्षा में परचम लहराने के बाद ईसीएमएस ने अब स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है। इसी उज्ज्वल यात्रा को आगे बढ़ाते हुए स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 'माहेश्वरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर' का 30 अप्रेल 2025 को भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया।

मानसरोवर क्षेत्र में बन रहा यह इंस्टीट्यूट आमजन की सेवा करने में सहायक सिद्ध होगा, ऐसी आशा है।

इसके अलावा भी समाज व ईसीएमएस की ओर से विभिन्न कार्य व योजनाएं चलाई जा रही हैं। ये सभी समय से पूर्ण हों, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ।

सभी समाज बंधुओं को गुरु पूर्णिमा की अग्रिम शुभकामनाएं।

**जय श्री कृष्णा।**


भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब घुटना प्रत्यारोपण कराये
AI (Artificial Intelligence) & AR (Augmented Reality) तकनीक द्वारा
Robotic AI और AR तकनीक के फायदे
रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
सबसे उन्नत और सटीक
जटिलताओं का जोखिम कम
बेहतर परिणाम
पहले से और भी सुरक्षित
MISSO Planner
Robotic Arm
PARTANI CLINIC
डॉ. अरुण परतानी
एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट
16 वर्षों का सफल अनुभव
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!
डॉ. भारती परतानी
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
15 वर्षों का सफल अनुभव
Quality Dental Care
☑ Dental Implants
☑ Teeth Whitening
☑ Root Canal
☑ Composite Filings
☑ Ceramic or
☑ Porclain Crowns
☑ And Many More......
किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।
175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501

स्थापना वर्ष 1925

## गुरु वो प्रकाश हैं जो अंधकार को चीरकर जीवन को दिशा देते हैं,
## गुरु वो शक्ति हैं जो आत्मा को सत्य से जोड़कर परम शांति की ओर ले जाती है।



**मनोज मूंदड़ा**
**महामंत्री**

मनुष्य तब तक अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता रहता है, जब तक कि उसे गुरु के ज्ञान से युक्त उनकी कृपा प्राप्त नहीं हो जाती। गुरु ही वह दिव्य शक्ति हैं जो हमें सत्य और असत्य का भेद समझाते हैं, उचित-अनुचित की पहचान कराते हैं, और जीवन को सही दिशा में ले जाने की प्रेरणा देते हैं। गुरु से प्राप्त ज्ञान और शिक्षा ही मानव जीवन का मूल आधार होती है।

गुरु हमारे जीवन में माता-पिता के बाद सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, क्योंकि वे न केवल हमें पढ़ना-लिखना सिखाते हैं, बल्कि यह भी सिखाते हैं कि जीवन को कैसे जिया जाए।

आषाढ़ माह की पूर्णिमा को वेदव्यास जयन्ती के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था- जिन्होंने महाभारत जैसे अद्वितीय ग्रंथ की रचना की और वेदों का विभाजन कर ज्ञान को व्यवस्थित किया।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव ने सप्त ऋषियों को योग, ध्यान और आत्मज्ञान का उपदेश दिया।

इस दिन हम अपने जीवन के समस्त गुरुओं को श्रद्धा पूर्वक नमन करते हैं -
वे गुरु जिन्होंने हमें शिक्षा दी, जीवन को सही मार्ग दिखाया, और हमारे व्यक्तित्व को संवारने में योगदान दिया।

गुरु केवल शिक्षा देने वाले नहीं होते, बल्कि वे जीवन को नया अर्थ, दिशा और अंततः आत्मिक मुक्ति देने वाले दिव्य पथप्रदर्शक होते हैं। कबीर दास जी गुरु महिमा के बारे में लिखते हैं-

*सब धरती पर कागज करूँ, लिखनी सब बनराय।*
*सात समुद्र की मसि करूँ, गुरु गुण लिखा न जाय।।*

भारत रत्न से सम्मानित सुप्रसिद्ध डॉ. बिधान चंद्र रॉय के जन्मदिवस यानि 1 जुलाई के दिन हम सभी राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाते हैं। भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा डॉ. रॉय के चिकित्सा के क्षेत्र में दिए उनके अद्वितीय योगदान और उनके अनुकरणीय जीवन के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए यह दिन चुना गया।

मैं अपने दिल की अतल गहराइयों से सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

यह आशा करता हूँ आप सभी चिकित्सकों द्वारा की जाने वाली निस्वार्थ सेवा भावना को अपने हृदय में आत्मसात् कर आज की पीढ़ी का युवा अपने समाज के चहुँमुखी विकास में अपना अहम योगदान प्रदान करेगा।।

जय महेश।

ATHENA BANQUET

# आपकी ख़ुशियों के खास मौके के लिए परफेक्ट जगह !

ANGEL RESORT
Managed by
Orange Hospitality



Collaboration | Birthday Party | Wedding | Engagement | Conference | Business Meetings










# ATHENA BANQUET

- 26 एकड़ में फैला यह लॉन अविस्मरणीय समारोहों के लिए एक अद्भुत स्थान प्रदान करता है, जो 2,000 मेहमानों तक की मेजबानी कर सकता है।
- शानदार सुविधाएँ: 63सुसज्जित कमरे, निजी डेक क्षेत्र और स्विमिंग पूल के साथ।
- आकर्षक बैंक्वेट हॉल: कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त, 500 लोगों तक की बैठने की क्षमता।

athenabyangelresort
Athena banquet jaipur

Eden Garden, 20th Milestone, Rajawas, Highway, Jaipur, Rajasthan 302013

7340019741
9119155556

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर : सत्र 2022-25 की प्रमुख उपलब्धियाँ

▸ 30 अप्रैल 2025 को गणपतपुरा में स्थित 20 हजार 243 वर्गगज भूमि पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त **'माहेश्वरी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर'** की स्थापना हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। यहां प्रारंभिक स्तर पर 300 बेड का हॉस्पिटल एवं बाद में विस्तार कर 600 बेड के हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाना है।

▸ **उत्सव भवन** ब्लॉक-ए तृतीय तल के नव निर्मित 22 कमरों का लोकार्पण सम्पन्न हो गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ये सभी कमरे 5 स्टार जैसे बनाए गए हैं जिनकी बुकिंग शुरू हो गई है। 'निर्माण नगर में बहुउद्देशीय भवन पर अत्याधुनिक तकनीकी से युक्त एमपीएस संस्कृति प्री प्राइमरी, महेश एकेडमी फॉर एक्सीलेन्स व यूथ होस्टल सुनियोजित ढंग से बनवाए जा रहे हैं। MGPS, MPS (PN) के साथ MPS जवाहर नगर में भी MPS संस्कृति व कल्चरल सेंटर का शुभारंभ किया गया है। ECMS द्वारा मेधावी व जरूरतमंद स्वजातीय विद्यार्थियों को उच्च, तकनीकी व्यावसायिक शिक्षा एवं RPSC/UPSC/Judicial Services की कोचिंग हेतु पूर्णतया वापसी योग्य **ब्याज मुक्त आर्थिक सहयोग** Study Fee, Hostel Fee & Mess Fee का 80 प्रतिशत अथवा 15 लाख रुपए देने का निर्णय लिया गया है। **महेश यात्री निवास–** भामाशाह श्री चाँदमल जी राठी द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती गीता देवी राठी की स्मृति में सुदामा नगर, टोंक रोड स्थित गीता भवन को समाज को दान दिया गया, जिसे महेश यात्री निवास के रूप में विकसित किया जा रहा है।

▸ जगदम्बा नगर स्थित **समाज जनोपयोगी भवन 'आनन्दम्'** का लोकार्पण दिनांक 8 जून, 2025 को समाज संरक्षक श्री आर.डी. बाहेती के करकमलों से किया गया। इसमें 28 आलीशान AC कमरें, डाइनिंग हॉल, रिसेप्शन हॉल तथा लिफ्ट की फिनिशिंग का कार्य अपने अंतिम चरण में है।

▸ **MPS Marathon 2.0** का आयोजन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर 07 अप्रैल, 2024 को प्रथम संस्करण एवं 27 अप्रैल 2025 को द्वितीय संस्करण का आयोजन एमपीएस इंटरनेशनल की मेजबानी में ECMS द्वारा दिया गया। इसी मैराथन में इतिहास रचते हुए 10 हजार लोगों के सामूहिक राम स्तुति पाठ का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया।

## ECMS से जुड़े प्रत्येक शिक्षण संस्थान में नवीन कार्य करवाए गए

▸ **MPS-JAWAHAR NAGAR :** 11 अक्टूबर, 2024 को एम.पी.एस. कल्चरल सेंटर के भवन का शिलान्यास सम्पन्न हुआ। भवन में कुल 29,000 वर्गफुट क्षेत्र में कैफेटेरिया, एक्टिविटी हॉल, विशाल पुस्तकालय जिसमें फिजिकल व ई-लाइब्रेरी की सुविधा विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जाएगी। पूर्व प्राथमिक अनुभाग का निर्माण कार्य मानद सचिव एवं भवन सचिव कक्ष, मीटिंग हॉल, एलीवेटेड पार्किंग, प्राईमरी एवं भूगोल लेब का निर्माण अथवा नवीनीकरण करवाया गया।

▸ **MPS SANSKRITI BANIPARK :** 11 अक्टूबर, 2024 को एम.पी.एस. संस्कृति, बनीपार्क के ऑडिटोरियम 'रघुकुल' का लोकार्पण किया गया।

▸ **MPS-KALWAR ROAD:** 9044 sqft स्वीमिंग पूल का निर्माण किया गया है।

▸ **MBV-CHOURA RASTA:** विद्यालय में लिफ्ट लगवाई गई है।

▸ **MPS INTERNATIONAL :** स्वागतकक्ष का नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण।

▸ **MPS-PRATAP NAGAR :** नया सी.सी.टी.वी. सिस्टम लगवाया गया, स्वागत कक्ष का सौन्दर्यीकरण करवाया गया जिसके अन्तर्गत 3 काउंसलर कक्ष व 1 विद्यार्थी प्रतीक्षा कक्ष का निर्माण करवाया गया। हॉस्टल भवन का नवीनीकरण कर एम.पी.एस. संस्कृति का संचालन किया जा रहा है।

▸ **MGPS-VIDYADHAR NAGAR :** स्वागतकक्ष का सौन्दर्गीकरण करवाया गया जिसके अन्तर्गत डी.एस.ए. कक्ष, फीस काउंटर, स्वागतकक्ष, हेल्थ रूम का निर्माण करवाया गया। पूर्व प्राथमिक अनुभाग हेतु कक्षा कक्षों के नवीनीकरण एवं अन्य सुविधाओं संबंधी कार्य प्रगति पर हैं। विद्यालय में ब्यूटी वैलनेस लैब का निर्माण करवाया गया है।

▸ **MPS TILAK NAGAR :** विद्यालय में लिफ्ट लगवाई गई। पूर्व प्राथमिक अनुभाग में स्वीमिंग पूल का निर्माण व प्ले जॉन का विस्तार करवाया गया। आवश्यकता को देखते हुए नए कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विद्यालय को राजस्थान बोर्ड (RBSE) के स्थान पर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से सम्बद्धता प्राप्त हो गई है।

▸ **MPS-AJMER ROAD :** पुस्तकालय का नवीनीकरण करवाया गया है।

▸ **NIRMAN NAGAR PROJECT:** नवीन भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

▸ **मिशन 100 IAS** का आयोजन अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के ड्रीम प्रोजेक्ट को कार्यरूप देते हुए ECMS के सानिध्य में एवं पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशित माहेश्वरी सभा के संयोजन में स्वजातीय 18 से 28 वर्ष की युवा प्रतिभाओं के लिए एक बहुउपयोगी कार्यशाला 'MISSION 100 IAS' का आयोजन रविवार 29 सितम्बर, 2024 को माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल के कलानिधि सभागार में किया गया था।

▸ विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों में प्रचलित कोर्स तथा भविष्य के कॅरियर निर्माण के क्षेत्रों से अवगत कराने हेतु प्रतिवर्ष ECMS द्वारा दो दिवसीय विशाल **कॅरियर फेयर अकेडमिया वर्ल्ड एड्यू एंड बुक** का आयोजन किया गया। शिक्षा समिति के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिता **'Harmony'** का आयोजन, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के मापदंडों पर इनडोर एवं आउटडोर खेल प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की जाती है।

▸ **एमपीएस-कहानी महोत्सव :** शिक्षा समिति ने एक नवीन विचार के साथ 3 से 12 वर्ष तक आयु के विद्यार्थियों में कल्पनाशीलता, संवाद और संस्कारों को सशक्त करने के उद्देश्य से एमपीएस. कहानी महोत्सव का आयोजन 1 व 2 फरवरी, 2025 को शिल्पग्राम, जवाहर कला केंद्र में आयोजित किया गया था।

## समाज की गतिविधियाँ

▸ समाज द्वारा बनीपार्क में संचालित **आरोग्यम्** की सेवाओं का विस्तार किया गया है।

▸ समाज द्वारा संचालित **कृष्णधाम वृद्धाश्रम** में वर्तमान में 40 वृद्धजन निवासरत हैं।

▸ **महेश अन्न सेवा** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा वर्षपर्यन्त नि:शुल्क महेश अन्न सेवा साप्ताहिक आरम्भ की गई। **महेश बैकुंठ रथ**-मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु महेश बैकुंठ रथ (मोक्ष वाहिनी) की नि:शुल्क सेवाएँ आरम्भ की गई।

▸ **माहेश्वरी इन्टरनेशनल मैरिज ब्यूरो :** माहेश्वरी इन्टरनेशनल मैरिज ब्यूरो की वेबसाइट में करीब 5 वर्षो से दर्ज पुराने बायोडाटाज को डिलीट कर नये बायोडाटा अपडेट किये गये। वर्तमान में 3825 बायोडेटा सक्रिय है।

▸ सदस्यों की वर्षगांठ पर नई पहल समाज द्वारा कार्यकारिणी सदस्यों समितियों संयोजकों एवं MMC सदस्यों को उनकी **वैवाहिक वर्षगाँठ व जन्मदिवस पर पौधा भेंट** करना आरम्भ किया गया।

▸ **गोल्ड कार्ड वितरण** वर्ष 2024 में समाज बन्धुओं को जयपुर के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गोल्ड कार्ड योजना से जोड़कर छूट (Discount) हेतु नये गोल्ड कार्ड वितरित किये गये।

▸ **टेलीफोन निर्देशिका-2025 :** समाज द्वारा 10 वर्षो के पश्चात् टेलीफोन निर्देशिका प्रकाशित की गई है। जल्द ही समाज बन्धुओं को यह उपलब्ध करवा दी जायेगी।

▸ **समाज रिकॉर्ड एवं डाटा की सुरक्षा** समाज कार्यालय के कम्पयूटर्स के डाटा एवं रिकॉर्ड को सर्वर से जोड़कर सुरक्षित किया गया है। समाज परिसर में स्टोर रूम स्थापित एवं आंतरिक साज-सज्जा का कार्य करवाया गया।

▸ विधवा बहनों एवं वृद्धजनों हेतु **मासिक सहायता** 4,000 में बढ़ोत्तरी कर राशि 5,000 रु. की गई है। जरूरतमंद माहेश्वरी परिवारों की कन्याओं के विवाह पर आर्थिक सहायता प्रदान कर मदद की गई है।

▸ **श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेंटर,** विद्याधर नगर डायग्नोस्टिक सेन्टर में नई विंग का अप्रैल 2023 में लोकार्पण किया गया। दोनों डायग्नोस्टिक सेंटरर्स पर डॉक्टर्स OPD की सुविधा आरम्भ हो गई है।

▸ Colored xD सोनोग्राफी मशीन की खरीद • माहेश्वरी बन्धुओं हेतु 20 प्रतिशत डिस्काउंट • जांच हेतु आधुनिक तकनीकी नवीन मशीने स्थापित • तीन वर्षो में रेवेन्यू में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी • नियमित मरीजों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी • सैम्पल के होम कलेक्शन की सुविधा का विस्तार • करीब 11 लाख रु. की लागत से 40 KW के सोलर पैनल की स्थापना।



**केदार मल भाला**
अध्यक्ष



**मनोज मूंदड़ा**
समाज महामंत्री



**मधुसूदन बिहाणी**
महासचिव शिक्षा

kolorsworld.com

KOLORS®
make life better



*Enchanting experience for extraordinary spaces:*
*Our commitment to setting new benchmarks.*

Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053
Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**
G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039
M: +91 93524 79947




# 'महेश नवमी महोत्सव' धूमधाम से सम्पन्न भव्य शोभा यात्रा का आयोजन

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ने अपना वंशोत्पत्ति दिवस 'महेश नवमी' बुधवार, दिनांक 4 जून, 2025 को महोत्सव के रूप में उमंग व उल्लास से मनाया। समाज महामंत्री श्री मनोज मूंदड़ा ने बताया कि महेश नवमी के उत्सव पर श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर द्वारा सांस्कृतिक संध्या 'जागो हिन्दुस्तानी' कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। महोत्सव का शुभारम्भ चौड़ा रास्ता स्थित समाज भवन में प्रात: 8.30 बजे माहेश्वरी समाज की स्थापना के समय वर्ष 1925 से विराजित एवं राजा सेठ बलदेव दास जुगलकिशोर बिड़ला परिवार द्वारा भेंट भगवान महेश के चित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

समाज अध्यक्ष श्री केदार मल भाला ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि श्री नरेश जी अजमेरा (प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी), विशिष्ट अतिथि श्री सुनील जी जाजू (प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी) एवं विशेष अतिथि श्री प्रदीप जी बाहेती (पूर्व समाज अध्यक्ष) रहे। कार्यक्रम संयोजक श्री चन्द्र मोहन कासट ने जानकारी दी कि भगवान महेश की भव्य शोभा यात्रा सायं 5.30 बजे माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर से लवाजमे एवं बैंड बाजे के साथ विभिन्न झाँकियों एवं भगवान महेश के रथ के साथ प्रारम्भ होकर विद्याधर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव' पहुंची। मार्ग में जयपुर के अनेक विशिष्टजनों द्वारा आरती की गयी व समाज बंधुओं द्वारा ठण्डाई एवं अल्पाहार से शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। श्री संजय जी बियानी (नावां), गणेश पार्क फ्रेण्ड्स ग्रुप- सर्वश्री चन्द्रमोहन कासट, जितेन्द्र फलोड़, अशोक फलोड़, श्याम तोतला, सुशील जाजू, बिट्ठल मालपानी, गौरीशंकर बाहेती, राघव मालपानी, निवारू रोड़ माहेश्वरी परिवार, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, शेखावाटी मारवाड़ माहेश्वरी परिषद्, ECMS, अभिनन्दन माहेश्वरी भवन, राजेन्द्र जी भाला, माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर-विद्याधर नगर, निर्माण नगर द्वारा शोभायात्रा में अल्पाहार व स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में समाज संरक्षकगण श्री आर.डी. बाहेती, श्री रामकिशन जी जाजू, श्री रमेश जी मनिहार, श्री रामअवतार जी अजमेरा, श्री बिहारी जी साबू, पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम जी मालपानी, श्री बालकिशन जी सोमानी, श्री बजरंगलाल जी जाखोटिया, श्री सत्यनारायण जी काबरा (मा.न.), श्री सत्यनारायण काबरा (जेडी), श्री मनोहर लाल सारड़ा की गरिमामय उपस्थिति रही।

उपाध्यक्ष (वित्त) श्री पवन बजाज एवं अर्थ मंत्री रविन्द्र झंवर ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले दो महीने से समाज के दानदाताओं से महेश सेवा कोष के लिए इस बार अधिकतम राशि संग्रहण की गई। इस अवसर पर एकत्रित राशि से श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा स्थापित महेश सेवा कोष के माध्यम से जरूरतमंद समाज बंधुओं को वर्षपर्यंत शिक्षा, चिकित्सा व मासिक भरण-पोषण के क्षेत्र में सहयोग प्रदान किया जाता है। समारोह में महेश सेवा कोष के प्रमुख दानदाताओं को सम्मानित किया गया।

महेश सेवा कोष से राशि संग्रहण के लिए समाज अध्यक्ष श्री केदार मल भाला, महामंत्री श्री मनोज मूंदड़ा, पूर्व अध्यक्ष श्री सत्यनारायण काबरा (मा.न.), समाज संरक्षक श्री सत्यनारायण काबरा (जे.डी. सुपारी), श्री भंवरलाल लोहिया, श्री आत्माराम काबरा, श्री संजय माहेश्वरी (समाज उपाध्यक्ष), सीए. अनिल सारड़ा (कोषाध्यक्ष शिक्षण संस्थाएं), श्री बेणीप्रसाद कचोलिया, श्री गोविन्द परवाल, श्री राजरतन पटवारी, श्री रमेश परवाल, श्री अनिल झंवर, श्री केशव सोनी, श्री लक्ष्मीनारायण मोदानी, श्री श्याम मंत्री, श्री सुमित काबरा, श्री मालचन्द बाहेती, श्री महेश मूंदड़ा, श्री परशुराम बागड़ी, श्री पूनमचन्द भाला, श्री नवरतन झंवर, श्री रामदास मालपानी, श्री अनिल अजमेरा, श्री सतीश सारड़ा, श्री कृष्ण गोपाल होलानी, श्री विनोद मूंदड़ा, श्री श्याम लाल मालपानी (हरमाड़ा) अर्थ संग्रह में महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों व अर्थ संग्रह समिति से सभी सदस्यों का भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण सहयोग रहा है। सेवा कार्य में सहयोग करने के लिए सभी दानदाताओं और सहयोगी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार।

कार्यक्रम कोषाध्यक्ष श्री अशोक फलोड़, कार्यक्रम के सह-संयोजक श्री निलेश भूतड़ा एवं श्री गोविन्द राठी ने बताया कि शोभा यात्रा में लवाजमा नासिक बैण्ड तथा शिव अघोरी कार्यक्रम सम्मिलित था। कार्यक्रम में 251 महिलाओं को गिफ्ट प्रदान किये गये।

कार्यक्रम का समापन भोजन प्रसाद के साथ हुआ, जिसमें करीब 3500 से अधिक समाज बंधु सम्मिलित हुए।

# महेश नवमी : झलकियाँ















# महेश नवमी : झलकियाँ

















# महेश नवमी : झलकियाँ






श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर




आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन है।




















आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन है।






महेश नवमी महोत्सव

# 'मधुरम' में देशभक्ति की अनूठी छटा

## कोल्हापुर की मंडली 'जागो हिंदुस्तानी' ने किया मन मोहक प्रदर्शन






दिनांक 31 मई को श्री माहेश्वरी महिला परिषद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मधुरम' में देशभक्ति की अद्‌भुत छटा बिखरी। यह कार्यक्रम एम.पी.एस. तक्षशिला ऑडिटोरियम, जवाहर नगर में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर कोल्हापुर से पधारी प्रसिद्ध सांस्कृतिक मंडली 'जागो हिंदुस्तानी' ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

26 सदस्यों की इस मंडली ने ऐसे गीतों और संगीत का चयन किया, जिनसे पूरा सभागार देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। यह मंडली पिछले 35 वर्षों से भारत में लगातार कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही है और अब तक 30 से अधिक देशों में 300 से भी अधिक कार्यक्रम कर चुकी है।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि हर गीत से पहले उस समय की परिस्थितियों को बहुत ही भावनात्मक ढंग से समझाया गया, जिससे श्रोताओं को उस दौर की गहराई तक अनुभव करने का अवसर मिला। तत्पश्चात् कई गीत प्रस्तुत किए– 'ऐ मेरे वतन के लोगों', 'तेरी मिट्टी में मिल जावां', 'मेरा रंग दे बसंती चोला', 'ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू', और 'कर चले हम फिदा जान–ओ–तन साथियों' जैसे देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों ने पूरे हॉल को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती ममता जाजू थीं। उनके साथ सहयोगी संयोजिकाओं के रूप में श्रीमती उषा खटोड़, श्रीमती नीलम मारू, श्रीमती स्नेहलता भाला एवं श्रीमती सिम्मी भूतड़ा की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ज्योति तोतला (अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी महिला परिषद) ने की तथा सचिव श्रीमती अल्पना शारदा द्वारा इस आयोजन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन के उपरांत सभी उपस्थितजन के लिए रात्रिभोज की व्यवस्था की गई थी।



।। श्री महेश्वराय नमः।।

# 'उत्सव'

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

**पी-10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर**

फोन नं. 0141-2236743-44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com



| यूनिट | विवरण | किराया राशि |
|---|---|---|
| | **ब्लॉक ए** | |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित | 27000/- |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित | 72000/- |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 36000/- |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 36000/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे) | 800/- प्रति रूम |
| | प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) | 2500/- प्रति रूम |
| V | 1 सुईट, 4 सेमी सुइट रूम सहित अत्याधुनिक 22 कमरे, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम, लॉबी सहित | 36000/- |
| | **ब्लॉक बी** | |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर | 27000/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) | 800/- प्रति रूम |
| VII | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित | 23000/- |

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 2 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

**चैक इन टाइम – 12:00 PM**
**चैक आउट टाइम – 09:00 AM**

विशेष : ★ भवन के सभी कमरों में कुल 230 बैड स्थापित है एवं 85 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।
★ सभी यूनिट्स का किराया रुपये 257000/- प्रतिदिन है। 18% अतिरिक्त देय है।

## संचालन समिति (सत्र 2022-2025)

**केदार मल भाला** – अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**मनोज मूंदड़ा** – महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**विनोद कुमार तोतला** – चेयरमैन

**सुरेश कालानी** – सचिव

**घनश्याम भूतड़ा** – वाईस चेयरमैन (वित्त)

**रामसहाय मांधना** – सह सचिव

**सुनील बिहाणी** – भवन मंत्री

**विपिन तोतला** – कोषाध्यक्ष

सदस्य : एम.डी. बांगड़, गिर्राज प्रसाद सोढ़ानी, श्रीगोपाल भूतड़ा, कृष्ण कुमार राठी

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर नवीन जनोपयोगी भवन 'आनन्दम्' का लोकार्पण सम्पन्न













श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा नवनिर्मित जनोपयोगी भवन 'आनन्दम्' का लोकार्पण दिनांक 08 जून, 2025 को पूर्ण विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। सुप्रसिद्ध 'उत्सव' भवन एवं अभिनन्दन भवन के निर्माण के बाद वैशाली नगर के निकट अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न भव्य जनोपयोगी भवन 'आनन्दम्' के निर्माण के साथ एक स्वप्न साकार हो रहा है। भवन चेयरमैन श्री विष्णु लढ्ढा ने जानकारी दी कि इस भवन में पूर्ण सुसज्जित 28 कमरे, बैंक्वेट हॉल, मुख्य डायनिंग हॉल, किचन, पैसेंजर लिफ्ट, 1 लगेज लिफ्ट सहित नवीनतम सुविधाओं का समावेश किया गया है। समाज अध्यक्ष श्री केदारमल भाला ने बताया कि आनन्दम् भवन की बुकिंग अतिशीघ्र होने वाले वैवाहिक व अन्य समारोहों के लिए प्रारम्भ कर दी जायेगी। भवन का लोकार्पण समाज संरक्षक श्री आर.डी. बाहेती जी के कर-कमलों द्वारा दिनांक 08 जून, 2025 को किया गया। समाज महामंत्री श्री मनोज मूंदड़ा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में श्री आर.डी. बाहेती जी (संरक्षक एवं पूर्वअध्यक्ष), भूमि पूजनकर्ता श्री कमल कुमार जी काबरा, विशिष्ट अतिथि श्री जगदीश प्रसाद जी करनाणी, बैंक्वेट हॉल निर्माण सहयोगी श्री जमनादास जी मनिहार, डाइनिंग हॉल निर्माण सहयोगी श्री राधा कृष्ण जी कोगटा, ऑफिस ब्लॉक निर्माण सहयोगी श्री सिद्धार्थ-मनोज जी मूंदड़ा, द्वितीय तल निर्माण सहयोगी श्री मनोहर लाल जी सारड़ा, स्वागत कक्ष निर्माण सहयोगी श्री प्रदीप जी भाला द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है जिसके लिए समाज इन भामाशाहों एवं अन्य दानदाताओं का हार्दिक आभार।

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर को श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन ''आनन्दम्'' को पूर्ण करने में जुड़े सभी समाज बंधुओ के सहयोग से यह निर्माण कार्य बिना किसी परेशानी के सुचारू रूप से एवं व्यवस्थित तरीके से पूर्ण होने जा रहा है। इस भवन को आधुनिक सुख-सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए आपके आर्थिक सहयोग की अत्यन्त आवश्यकता है। अत: आप सभी समाज बंधुओं से अनुरोध है कि आप मुक्तहस्त से भवन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करें। परमार्थ के लिए आपका यह उदार सहयोग सदैव आदर के साथ स्मरण किया जावेगा।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष केदार मल भाला, उपाध्यक्ष (समाज) श्री संजय माहेश्वरी, उपाध्यक्ष (वित्त) श्री पवन बजाज अर्थ चेयरमैन श्री राधेश्याम काबरा, सचिव निर्माण श्री हरीश भराड़िया, सचिव (अर्थ) हरीश मालू, उपाध्यक्ष (शिक्षा) श्री बजरंग लाल बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधु सूदन बिहाणी, संगठन मंत्री श्री विमल सारड़ा, निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती एवं समाज कार्यकारिणी तथा समाज के गणमान्यजनों सहित सैंकड़ों बन्धुओं की उपस्थिति में आनन्दम् भवन में लोकार्पण सम्पन्न हुआ।




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### जनोपयोगी भवन

# ''अभिनन्दन''

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड
वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020
सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883
Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

**चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM**

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

| | |
|---|---|
| ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) | : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन |
| द्वितीय तल (Unit-II) | : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित) |
| चतुर्थ तल (Unit-V) | : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन |
| प्रथम तल (Unit-II) | : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट) |
| तृतीय तल (Unit-IV) | : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन |
| पंचम तल (Unit-VI) | : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित) |

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**संचालन समिति**
(सत्र 2022-25)

**शांति लाल जागेटिया**
चेयरमैन

**गिरिराज प्रसाद मोदानी**
वाईस चेयरमैन (वित्त)

**अशोक कुमार फलोड़**
वाईस चेयरमैन (संचालन)

**महेश कुमार साबू**
सचिव

**सुरेन्द्र कुमार मान्धना**
सह सचिव

**राधामोहन तोतला**
भवन मंत्री

**कैलाश चन्द्र परवाल**
कोषाध्यक्ष

**सदस्यगण :** द्वारकादास सोढ़ानी, जुगलकिशोर साबू, राघव बिहानी, विनोद अजमेरा



# राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे :
## डॉक्टरों के महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान

भारत में हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। यह दिन डॉक्टरों को सम्मानित करने और उनके महत्वपूर्ण कार्य की प्रशंसा करने का अवसर है। डॉक्टरों का महत्व समझने के लिए हमें उनके योगदान, कार्यक्षेत्र और महत्व को समझना आवश्यक है। इस लेख में हम राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर डॉक्टरों के महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

डॉक्टर हमारे समाज की महत्वपूर्ण धारा हैं, जो मानव स्वास्थ्य की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे मरीजों के उपचार, रोग परीक्षण, वैक्सीनेशन, स्वास्थ्य सलाह देने और समस्याओं का समाधान करने में विशेषज्ञता रखते हैं। उनका योगदान व्यापक है और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में संपादित होता है।

### क्यों मनाया जाता है नेशनल डॉक्टर्स डे

भारत में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे का आयोजन डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि को सम्मानित करने के लिए किया जाता है। डॉ. रॉय एक प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री थे। उनके मानने के अनुसार, स्वस्थ मन और शरीर वाले व्यक्ति ही स्वतंत्रता की प्राप्ति का सपना देख सकता है। उन्होंने महिलाओं के कल्याण में भी बड़ा योगदान दिया। डॉ. रॉय ने समाज के सभी वर्गों और समुदायों की महिलाओं को आगे आने और उनके टीम द्वारा शुरू किए गए सेवा सदन से चिकित्सा उपचार का लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया। उनके नर्सिंग ट्रेनिंग केंद्र ने महिलाओं को नर्सिंग और सामाजिक कार्यों के बारे में शिक्षित किया और उन्हें ज्ञान को आगे बढ़ाने का मौका दिया। उनके निधन के बाद, उनके रहने वाले घर को उनकी इच्छा के अनुसार एक नर्सिंग होम में बदल दिया गया था, जिसका नाम उनकी मां अघोरकामिनी देवी के नाम पर रखा गया था। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे न केवल डॉ. रॉय को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हर व्यक्ति को उनके मेहनती प्रयास और रोगियों के प्रति समर्पण का आदर्श मानने का अवसर प्रदान करता है।

### नेशनल डॉक्टर्स डे का उद्देश्य व महत्व

हर साल 1 जुलाई को भारतीय मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दिन का उद्देश्य होता है कि हम लोग डॉक्टरों के कर्त्तव्यों, महत्व और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाएं और चिकित्सा पेशेवरों को प्रोत्साहित करें। यह दिन हमें डॉक्टर्स के लिए आभार व्यक्त करने का मौका देता है जो अपने रोगियों, समुदाय और समाज के लिए काम करते हैं। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे का महत्व बहुत अधिक होता है क्योंकि यह डॉक्टरों की भूमिका को मान्यता प्राप्त करता है जो अनगिनत जीवनों को बचाने में मदद करते हैं। विशेषकर महामारी के समय, हमारे फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की भूमिका को और भी ज्यादा महत्व दिया जाता है।

हम हमारे अग्रिम पंक्ति स्वास्थ्यकर्मियों की समर्पणशीलता और समर्पण को सलाम करते हैं, जो संकट के समय महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे विभिन्न देशों में विभिन्न तारीखों पर मनाया जाता है और इसे सरकारों और गैर-सरकारी स्वास्थ्य संगठनों द्वारा आयोजित किया जाता है। हालांकि, हम विशेष दिनों में डॉक्टर्स डे मनाते हैं, लेकिन साल भर में उनके अथक काम को स्वीकार करना और इसके बारे में जागरूक रहना बहुत महत्वपूर्ण है। विशेषकर महामारी के बाद से, राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे हमारे सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के समर्पणपूर्वक कोरोनोवायरस संकट के दौरान अपना जीवन जोखिम में डालने वालों का सम्मान करता है।

डॉक्टर समाज के बहुत महत्वपूर्ण सदस्य होते हैं। वे वास्तव में बीमारियों और खराब स्वास्थ्य के सामने एकमात्र रक्षक होते हैं। समाज को बीमारियों और दुखों से मुक्त रखने में उनके प्रयासों को स्वीकार किया जाना चाहिए। यह सदियों से चली आ रही प्रथा है कि डॉक्टरों ने अपनी क्षमताओं के माध्यम से समाज की सेवा की है और स्वस्थ और खुश रखने में मदद की है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे एक ऐसा दिन है जिसमें हम उन डॉक्टरों को धन्यवाद देते हैं जो समाज के लिए अथक परिश्रम करते हैं और 24×7 काम करते हैं। डॉक्टरों के बिना, समाज बीमारियों के प्रभाव में अधिक गिर सकता है और स्वास्थ्य की दशा बिगड़ सकती है। हमें डॉक्टरों के प्रयासों की प्रशंसा करनी चाहिए और उन्हें समाज की सेवा के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# आरोग्यम्

## A NATUROPATHY CENTER

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से

### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, ऑव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पॉंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।









### उपचार सुविधाएँ

गर्म ठण्डा सेंक | मिट्टी पट्टी | सर्वांग मिट्टी लेप | कटि स्नान

रीढ़ स्नान | गर्मपाद स्नान | भाप स्नान

आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश | एक्यूप्रेशर | आहार चिकित्सा

शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति | फिजियोथैरेपी

वैक्स बाथ | चुम्बक चिकित्सा | चादर लपेट

### उपचार दरें

| | |
|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 |

| | |
|---|---|
| वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [ साप्ताहिक-6 दिन ] | ₹ 500 |

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री

**चन्द्रमोहन कासट**
(संयोजक)
9314460785

**सम्पर्क करें :** डॉ. शेखर शर्मा (कन्सलटेन्ट)
योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

**समय :** प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)

# गुरु बिन भव निधि तरइ न कोई



जिस ज्ञान की प्राप्ति के बाद मोह उत्पन्न न हो दुखों का शमन हो जाए तथा परब्रह्म अर्थात् स्वयं के स्वरूप की अनुभूति हो जाए ऐसा ज्ञान गुरु कृपा से ही प्राप्त हो सकता है।

आदिगुरु परमेश्वर शिव ने दक्षिणामूर्ति रूप में समस्त ऋषिमुनियों को शिवज्ञान प्रदान किया था, इसकी स्मृति में गुरु पूर्णिमा महापर्व मानाया जाता है। यह उन सभी गुरुजनों को समर्पित परंपरा है, जो कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास और प्रबुद्ध करने, बहुत कम अथवा बिना किसी मौद्रिक शुल्क के अपनी बुद्धिमत्ता को साझा करने के लिए तैयार हों। यह पर्व आध्यात्मिक शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि गुरु पूर्णिमा वाले दिन वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन व्यासजी का पूजन किया जाता है। वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं :

*व्यासाय विष्णुरूपाय व्यासरूपाय विष्णवे।*
*नमो वै ब्रह्मनिधये वासिष्ठाय नमो नमः।।*

अर्थात व्यास विष्णु के रूप हैं तथा विष्णु ही व्यास हैं, ऐसे वशिष्ठ-मुनि के वंशज को मैं नमन करता हूं। (वशिष्ठ के पुत्र शक्ति, शक्ति के पुत्र पराशर और पराशर के पुत्र व्यास)। जीवन में अनेक गुरु आते हैं। सर्वप्रथम गुरु माता, फिर पिता गुरु होते हैं। उसके बाद विद्यालय में विद्या गुरु प्राप्त होते हैं। अध्यात्म की ओर जाने पर दीक्षा गुरु जीवन में आते हैं। दत्तात्रेय ने जीवन में 24 गुरुओं से शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने पेड़, पौधे, पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, सबको अपना गुरु बनाया। श्रीमद्भागवत के 11वें स्कंध में गुरु दत्तात्रेय के 24 गुरुओं का विस्तार से उल्लेख है। गुरु शब्द का संस्कृत में अर्थ होता है - अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना। गुरु किसी व्यक्ति विशेष को नहीं कहते, अपितु गुरु तत्त्व है, गुरु ज्ञान है, ज्योतिपुंज है, जो संपूर्ण चराचर जगत में व्याप्त है :

*अखंडमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।*
*तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।*

भागवत महापुराण में कहा गया है कि :

*चिंतामणिर्लोकसुखं सुरद्रुः स्वर्गसम्पदम्।*
*प्रयच्छति गुरुः प्रीतो वैकुण्ठं योगिदुर्लभम्।।*

अर्थात किसी व्यक्ति को चिंतामणि मिल जाए तो स्वर्ग के सभी सुख मिल जाते हैं, पर यदि गुरु तत्व प्राप्त हो जाए तो उसे वैकुंठ प्राप्त हो जाता है, जो योगियों को भी दुर्लभ है। श्रीरामचरितमानस में कहा गया है :

*गुरु बिन भव निधि तरइ न कोई।*
*जौ बिरंचि संकर सम होई।।*

अर्थात गुरु के बिना कोई भवसागर नहीं तर सकता, चाहे वह ब्रह्मा जी और शंकर जी के समान ही क्यों न हो। जिस ज्ञान की प्राप्ति के बाद मोह उत्पन्न न हो, दुखों का शमन हो जाए तथा परब्रह्म अर्थात स्वयं के स्वरूप की अनुभूति हो जाए, ऐसा ज्ञान गुरु कृपा से ही प्राप्त हो सकता है। इसीलिए कहा जाता है कि :

*ध्यानमूलं गुरोर्मूर्तिः पूजामूलं गुरोः पदम्।*
*मंत्रमूलं गुरोर्वाक्यं मोक्षमूलं गुरोः कृपा।।*
*चैतन्यं शाश्वतं शान्तं व्योमयतीतं निरञ्जनम्।*
*नादबिन्दुकलातीतं तस्मै श्री गुरवे नमः।।*

यद्यपि भगवान श्रीराम तथा भगवान श्रीकृष्ण पूर्णब्रह्म तथा 'गुरूणां गुरुः' हैं, तथापि जब वह धराधाम पर आए तो उन्होंने भी गुरु तत्व के रूप में विश्वामित्र, वशिष्ठ जी महर्षि सांदीपनि मुनि जैसे आदि ब्रह्मनिष्ठ संतों की शरण में जाकर मानव मात्र को सद्गुरुदेव भगवान की महिमा का संदेश प्रदान किया। तभी तो गुरु तत्व को ब्रह्म समान कहा गया है:

*गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।*
*गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।*

चराचर जगत में दो प्रकार की विद्याएं हैं-परा विद्या और अपरा विद्या। इन्हें ही उपनिषदों में श्रेय तथा प्रेय के नाम से जानते हैं। जो परा-अपरा विद्या का ज्ञान कराकर शिष्य को मोक्ष प्राप्त करा दे, ऐसा महान गुरु दुर्लभ है। कहा भी गया है :

*दुर्लभो विषयत्यागो दुर्लभं तत्त्वदर्शनम्।*
*दुर्लभा सहजावस्था, सद्गुरोः करुणां बिना।।*

यह दुर्लभ सहज अवस्था गुरु तत्व की कृपा के बिना नहीं मिलती। गुरुपूजा ही सार्वभौम महापूजा है, ऐसा गुरु गीता कहती है :

*गुरूरेव जगत्सर्वं ब्रह्माविष्णुशिवात्मकम्।*
*गुरोः परतरं नास्ति, तस्मात्संपूजयेद् गुरुम्।।*

महान ऋषि कृष्ण द्वैपायन श्री वेदव्यास की स्मारिका रूपी इस आषाढ़ी पूर्णिमा पर ब्रह्मसूत्रादि का पारायण करने की परंपरा है। महर्षि वेदव्यास ने चारों वेदों का संपादन किया, अष्टादश पुराण, उपपुराणादि सहित लक्षश्लोकात्मक विश्व के महान ज्ञान से परिचित कराया। संपूर्ण विश्व में जो भी पारमार्थिक ज्ञान राशि प्राप्त होती है, वह सभी भगवान व्यास द्वारा पूर्व में ग्रंथ स्वरूप में लिखित है। गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रकृति जल वर्षण से अपने अंदर नूतनत्व का आधान करना प्रारंभ करती है। इससे हम सभी को संदेश लेना चाहिए कि सांसारिक प्रपंचों का त्याग कर इस महापर्व पर गुरु शरणागति प्राप्त कर अपने अंदर अध्यात्म साधना रूप नवीन गुरु द्वारा प्रदत्त मंत्र रूपी बीज को पल्लवित पुष्पित करना चाहिए।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में
श्री माहेश्वरी समाज के
बढ़ते कदम

# श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)
पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39
फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416
Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com





आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें

समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)

CT एवं Digital X-Ray

3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा



**डॉ. विजेता सुल्तानिया**
MBBS, DMRD
कन्सलटेन्ट रेडियोलोजिस्ट
2D-ECHO
Timing : 9.30 AM to 1:30 PM



**डॉ. आर.सी. गुप्ता**
Sr. Doctor & Gen. Physician
Ex. Sr. MO,
Govt. H.B. Kanwatia Hospital
Physician in various famous hospitals
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM

सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।



**डॉ. दीपक अग्रवाल**
MBBS, MD, DNB
हृदय रोग विशेषज्ञ
2D-ECHO
Timing : 8.00 AM on Call



**डॉ. विकल्प वशिष्ठ**
MBBS (Ortho), DNB, MNAMS, MS (Ortho)
FJRS, JAF (Joint Replacement) & Arthroscopic Surgen
भारत के सुविख्यात जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ
Timing : 10.30 AM - On Call



**डॉ. मनीष जैन**
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
Timing : 11:30 AM to 12:30 PM
(सोमवार एवं गुरुवार)



**डॉ. ख्याति माहेश्वरी**
Phisiotherapist
COMP, CDNP, CIASTM, CDCT, CKTT
Timing : 9 AM to 2 PM



**डॉ. नेहा अग्रवाल तापड़िया**
B.D.S. (Gold Medalist)
M.D.S. (Pedodontics & Preventive Dentistry)
Ex. Medical Officer at Govt. Hospital
Timing : 10 AM to 1 PM

**जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं।** नोट : सैम्पल कलैक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹2600/-
With Physician Consultation

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- HBAIC
- LIVER FUNCTION TEST
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)

घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180

X-Ray Chest PA, ECG

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 50/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price ₹700/-

- CBC • FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
- HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹1299/-

- CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
- BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
- RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
- URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 3.0 Tesla से

Special Price ₹3500/-



# गुरु का महत्व बताता है गुरु पूर्णिमा का पर्व

गुरु पूजा का पर्व गुरु पूर्णिमा गुरुवार, 10 जुलाई को है। आम इंसान ही नहीं देवताओं ने भी गुरु से ज्ञान प्राप्त किया है। इसीलिए गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर माना गया है। श्रीराम ने ऋषि वशिष्ठ और विश्वामित्र से ज्ञान प्राप्त किया, श्रीकृष्ण के गुरु सांदीपनि थे। कलियुग में सबसे जल्दी प्रसन्न होने देवताओं में से एक हनुमानजी ने सूर्यदेव को अपना गुरु बनाया था। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जानिए हनुमानजी और सूर्यदेव से जुड़ा प्रसंग, कैसे हनुमानजी ने सूर्य से ज्ञान प्राप्त किया...

### अजर-अमर रहेंगे हनुमानजी

हनुमानजी भगवान शिव के अवतार माने गए हैं। इनके पिता का नाम केसरी और माता का नाम अंजनी था। माता सीता ने इन्हें अजर-अमर रहने का वरदान दिया था यानी हनुमानजी कभी वृद्ध नहीं होंगे और हमेशा सशरीर इस सृष्टि में रहेंगे। हनुमानजी ने सूर्यदेव से ही वेदों और शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया था। सूर्यदेव द्वारा दी गई शिक्षा से ही हनुमान ज्ञानी और भगवान श्रीराम के परम भक्त हुए।

### हनुमानजी ने ऐसे प्राप्त की शिक्षा

जब हनुमानजी शिक्षा ग्रहण करने के योग्य हुए तो माता-पिता ने उन्हें सूर्यदेव के पास शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा। हनुमानजी ने जाकर सूर्यदेव से गुरु बनने की प्रार्थना की। तब सूर्यदेव ने कहा कि मैं तो एक क्षण के लिए रुक नहीं सकता और न ही मैं रथ से उतर सकता हूं। ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें कैसे शास्त्रों का ज्ञान दे पाऊंगा?

तब हनुमानजी ने कहा कि आप बिना अपनी गति कम किए ही मुझे शास्त्रों का ज्ञान देते जाइए। मैं इसी अवस्था में आपके साथ चलते हुए ज्ञान ग्रहण करूंगा।

सूर्यदेव इस बात के लिए तैयार हो गए। सूर्यदेव वेद आदि शास्त्रों का रहस्य शीघ्रता से बोलते जाते और हनुमानजी शांत भाव से उसे ग्रहण करते जाते। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमानजी को ज्ञान की प्राप्ति हुई।

## गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः, गुरु साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः

यह श्लोक सिर्फ चंद शब्द नहीं यह हमें बताता है कि गुरु ही ब्रह्मा, गुरु ही विष्णु और गुरु ही भगवान शंकर हैं।

ऐसे परब्रह्म को हम प्रणाम करते हैं।

### गुरु कौन हैं?

'गुरु' 'गु' अर्थात 'अंधकार' और 'रु' अर्थात 'प्रकाश' जो हमें 'अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए, वही हमारे सच्चे गुरु हैं। गुरु ही अपने शिष्यों का मार्गदर्शन कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं।

जैसे वायु बिना जीवन नहीं वैसे ही गुरु बिना कोई गुण नहीं। जीवन के अंधकार को दूर और सही दिशा का मार्गदर्शन केवल गुरु ही दे सकते हैं। शास्त्रों में भी कहा गया है कि *'अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया। चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः॥'* गुरु ही हमारे अज्ञान के अंधकार को दूर कर हमें ज्ञान के प्रकाश से भरते हैं।

*गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।*
*बलिहारी गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय॥*

गुरु हमारे वह सच्चे पथ प्रदर्शक हैं। जो ईश्वर द्वारा दिए गए हमारे इस जीवन को शिक्षा देकर सही ढंग से जीना सिखाते हैं। सत्य और असत्य में भेद बताते हैं। इसलिए जितना जरूरी ये जीवन है उतना ही जरूरी जीवन में गुरु का होना है।

### गुरु पूर्णिमा का महत्व

गुरु पूर्णिमा का यह महा उत्सव उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित एक पौराणिक परंपरा है जिसमें एक शिष्य अपने गुरु द्वारा दी गई सीख और शिक्षा के लिए उन्हें आभार व्यक्त करता है। लेकिन यह दिवस मात्र दिखावे के लिए नहीं बल्कि अपने गुरु की सीख का अनुसरण करने और उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए एक अवसर भी है। जिससे आने वाली पीढ़ी शिक्षित और सही दिशा की ओर निरंतर आगे बढ़ती रहे।

### गुरु पूर्णिमा की पौराणिक मान्यताएं

पुराणों के अनुसार गुरु पूर्णिमा... सनातन धर्म की पहचान, आदर्श और उल्लास का प्रतीक है। आदि गुरु भगवान शंकर ने जब दक्षिणामूर्ति रूप में प्रथम बार संसार के सभी ऋषि और मुनियों को अपने शिष्य के रूप शिव ज्ञान से अवगत कराया तब से उस पवित्र दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाने का आरंभ हुआ। तब से भारत, नेपाल, भूटान और अन्य देश में रहने वाले हिन्दू, जैन और बौद्ध धर्म के अनुयायी इस उत्सव को एक पर्व की तरह मनाते हैं। और अपने-अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

वहीं एक और पुरानी मान्यता है कि इस दिन महर्षि वेदव्यास ने धरती पर जन्म लिया था। जिनका पूरा नाम महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास था। वो महाभारत ग्रंथ के रचयिता और ऋषि पाराशर और सत्यवती के पुत्र थे। पौराणिक महाकाव्यों जैसे महाभारत, अट्ठारह पुराण, श्रीमद् भागवत के अनुसार उनका जन्म आषाढ़ पूर्णिमा के दिन लगभग 3000 ई.पू. माना जाता है।

महर्षि व्यास जन्म से ही यशस्वी और ज्ञानी थे। उनके पास दिव्य दृष्टि थी जिसके कारण वह कलयुग में फैलने वाले अज्ञान के अंधकार को पहले ही देख चुके थे। कलयुग के इस अंधकार को दूर करने के लिए उन्होंने वेद का चार भागों में विभाजन किया ताकि कम बुद्धि एवं कम स्मरण शक्ति रखने वाले मनुष्य भी वेदों का अध्ययन आसानी से कर सकें। जिसका नाम ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद रखा गया।

वेदों के इस विभाजन के कारण ही महर्षि व्यास आगे चलकर वेदव्यास के नाम से विख्यात हुए। चारों वेदों का ज्ञान उन्होंने अपने शिष्यों पैल, जैमिनी, वैशम्पायन और सुमन्तु मुनि को दिया। वेद में लिखे ज्ञान अत्यंत गूढ़ तथा शुष्क थे इसलिए वेद व्यास ने एक पांचवें वेद का निर्माण किया जिसमें वेद के ज्ञान को रोचक कथाओं के रूप में बताया गया।

एक और मान्यता है कि बौद्ध धर्म के अनुयायी भगवान बुद्ध के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने के लिए भी इस दिवस को मनाते हैं। उनका मानना है कि गुरु पूर्णिमा ही वह दिन है जब भगवान बुद्ध ने अपने पांच शिष्यों के साथ सारनाथ में अपना उपदेश दिया था।

सरल शब्दों में कहें तो गुरु पूर्णिमा हर उस शिक्षक के प्रति सम्मान और समर्पण का भाव है जिसने जीवन के हर उतार-चढ़ाव में हमें कुछ ना कुछ सिखाया है फिर वो हमारे गुरु हों, मित्र हों या फिर हमारे माता-पिता हों।

# SHRI MAHESHWARI DIALYSIS DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTER

(A Unit of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur)

210-ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर-19

फोन : 0141-2948760, 8306300304 • Email : smddrclab@gmail.com

## ओपीडी



**General Medicine**
**Dr. Ravindra Mathur**
M.D. (General Medicine)
Senior Consultant Physician & Diabetes, Thyroid Specialist
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



**Gynaecologist**
**Dr. Vinita Gupta**
M.B.B.S., DGO
Consultant Obstetrician and Gynaecology
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(THURSDAY OFF)



**Consultant - Orthopaedic Shoulder, Knee & Hip Surgeon**
**Dr. Prashant Bhutani**
M.B.B.S., DNB Ortho
Shoulder, Knee, Hip, Surgeon, Sports Injury, Joint Replacement
TIMING 2:30 PM to 3:30 PM (Monday to Saturday)



**Dental Care**
**Dr. Bharti Maheshwari**
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
TIMING 9:00 AM TO 12:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



**Physiotherapist**
**Dr. Anoop Sharma & TEAM**
BPT, MPT (Ortho), COMT
Consultant Physiotherapist
TIMING 8:00 AM To 2:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



**Gynecologist**
**Dr Priyanka Goel**
MBBS, DNB (OBG), GOLD MEDALIST
Laparoscopic and Surgeon
Fellowship in Gynecological Oncology (GCRI, Ahmedabad)
Timings 5.30 pm to 6:30 pm
Monday-Saturday (Sunday off)



**Quality Dental Care**
Dental Implants
Root Canal
Teeth Whitening
Composite Fillings
Ceramic or Porcelain Crowns
and May More....

**PHYSIOTHERAPHY**
START / ₹250/-

- Assessment and Diagnosis
- Rehabilitation Sessions
- Individualized Treatment Plans

स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम

**लैब का समय**
प्रातः 7:30 बजे से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 3 बजे (रविवार)

उचित दरों पर एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध

CT एवं 2D-ECHO की सुविधाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध

**DIALYSIS**
START / ₹850/-

**सोनोग्राफी**
प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक

Digital X-Ray 200/- से शुरु

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)
Special Price / ₹ 2600/-

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- LIVER FUNCTION TEST
- HBAIC
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
- X-Ray Chest digital
- ECG

सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है, शुल्क अतिरिक्त

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 40/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)
Special Price / ₹700/-

CBC • FASTING BLOOD SUGAR • POST PARANDIAL BLOOD SUGAR • CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE • HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)
Special Price / ₹1299/-

CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING • BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT • RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC • URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 1.5, 3.0 Tesla से
Special Price / ₹3500/-

आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जांचें

## ब्लड कलैक्शन सेन्टर

महेश सत्संग भवन, नियर जे.पी. अंडरपास, महेश कॉलोनी जयपुर, फोन:0141-3517910, 8306300165

87, सरती नगर, जनपथ, श्याम नगर, जयपुर-19, फोन: 0141-4924112

**कलैक्शन सेन्टर्स का समय**
प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक

संचालन समिति (2022-2025)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| केदार मल भाला | मनोज मूंदड़ा | डॉ. अरुण परतानी | अशोक खटोड़ (VDN) | गिरिराज लढ़ढा |
| अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर | महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर | स्वास्थ्य मंत्री | सदस्य, प्रबन्ध समिति 9829013729 | सदस्य, प्रबन्ध समिति 9828062736 |

# कृष्णधाम वृद्धाश्रम

**दानदाताओं द्वारा सहयोग राशि :** लागत (₹)

1. **संरक्षक Er. ज्योति कुमार जी माहेश्वरी** (नियमित मासिक सहयोगी) लगातार तीसरे वर्ष भी बाबत दूध 25,000
2. **सारडा जी (जयपुर)** (नियमित मासिक सहयोगी) गुप्तदान तेल- 2 टीन, घी-1 टिन – लागत 14,000
3. **M/S गणगौर बेसन (आशीष जी मंत्री)** (नियमित मासिक सहयोगी) विविध राशन 6,500
4. **वैभव जी सोमानी, अनुज जी मूंदड़ा, अभिषेक जी भूतड़ा एवं लक्ष्मण जी पेडिवाल** (नियमित मासिक सहयोगी) चाय पत्ती+दाले वगैरह 4,100
5. **श्रीमती नम्रता जी मंगल** (बनीपार्क)(नियमित मासिक सहयोगी) विविध राशन 3,500
6. राकेश जी-सुनीता जी बडगोती द्वारा मंदिर में मूर्ति राधा-कृष्ण विग्रह (भजन संध्या) व प्रसादी सामग्री 75,000
7. ओमप्रकाश जी-जमना देवी जी रांधड़ (मकराना) अपने माता-पिता एवं बड़े भाई की स्मृति में नगद 51,000 व आरती-पूजा सामग्री 1,500 कुल 52,500
8. श्री माहेश्वरी महिला परिषद, जयपुर 13,000
9. रोटरी क्लब, जयपुर (डिग्नीटी) 10,100
10. श्रीमती इन्दू सारडा-आंवला-48 kg 7,500
11. श्री राजेश तोषनीवाल-आम, दूध, वैगरह 5,100
12. गुप्त दान (प्रेरणा-बनवारी जी खटोड़) - तेल + आम 5,100
13. श्री अशोक आगीवाल (भजन संध्या) 3,750
14. माहेश्वरी प्रगति-प्राइम क्लब, जयपुर (संगीत मय-सुन्दरकांड) 3,100
15. श्री प्रेम कुमार वर्मा- फल वगैरह 3,100
16. श्री सुरेश कालानी (माता जी के जन्मदिवस पर) 3,100
17. ओमप्रकाश जी बियानी – नारियल पानी 3,100
18. श्री विनीत झंवर-प्रसाद- 4kg 2,100
19. ईश्वर जी-योगेश जी मालपानी – विविध मसाले 2,100
20. ममता जी-अजय जी अग्रवाल, आम-दूध 2,100
21. ओमप्रकाश जी कासट-फल 1,800
22. भगवती जी गुरनानी 1,500
23. श्री संजय फलोड़ (अजीतगढ़) आम 1,500
24. निर्मल जी- स्वाती जी काबरा 1,100
25. श्री गौरव जी-करुणा जी भूतड़ा 1,100
26. शकुन्तला देवी जी धूत-ज्यूस बोतल 1,100
27. राजकुमार जी मालू-आम 1,100
28. श्री सत्यनारायण जी सोमानी –आम 1,100
29. श्री दीपक जी लखोटिया-आम 1,100
30. श्री गोपाल भूतड़ा-आम-चीनी 1,100
31. अनन्त जी मोदानी कृष्ण जी अग्रवाल लस्सी 1,100

**भोजन प्रसादी एंव नास्ता (आश्रमवासियों संग) द्वारा :-** सर्वश्री ईश्वर जी-योगेश जी मालपानी, कृष्ण जी काबरा, संचित जी माहेश्वरी, मुकेश कुमार जी अग्रवाल, राकेश जी-सुनीता जी बडगोती, प्रियंका जी चांडक, निर्मल जी-स्वाती जी काबरा, रोटरी क्लब जयपुर, राधेश्याम जी-उमा जी परवाल, दिनेश चन्द्र जी शर्मा, ललिता देवी जी-सुरेश जी कालानी, गौरव जी-करुणा जी भूतड़ा, राधेलाल जी गोयल, माहेश्वरी प्रगति-प्राइम क्लब, अशोक जी आगीवाल।

■ **Er. श्रीबल्लभ मारू**
(वरिष्ठजन आवास व कल्याण मंत्री) मो. 99833-11352

# आवश्यक सूचना

## श्री माहेश्वरी समाज, महिला परिषद् एवं नवयुवक मण्डल त्रै-वार्षिक चुनाव (2025-28)

**मतदान तिथि : रविवार 27 जुलाई, 2025**

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की कार्यकारिणी की सभा दिनांक 27 मई, 2025 में विधान की धारा 11 ख (i) के अनुसार आगामी सत्र 2025-28 हेतु श्री माहेश्वरी समाज, जयुपर एवं अन्तर्गत संस्थाएं श्री माहेश्वरी महिला परिषद् व श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के निर्वाचन हेतु सर्वसम्मति से **श्री सुभाष सिंगी** को मुख्य चुनाव अधिकारी तथा (1) **श्री ब्रजेश लोहिया** (2) **श्री ब्रजेश डांगरा** (3) **श्री महेश साबू** को उप मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है।

केदार मल भाला — अध्यक्ष
मनोज मूंदड़ा — महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर (सत्र 2022-25)

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन



रामजीदास मोदानी फाउंडेशन, नरायणा-जयपुर एवं भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 25 मई 2025 को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशयग्रीवा कैंसर) से बचाव हेतु नि:शुल्क टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण मोदानी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ऐसा एकमात्र कैंसर है जिसे टीके के माध्यम से रोका जा सकता है। यह रोग ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) संक्रमण से होता है, जिससे बचाव हेतु 'Cervavac' वैक्सीन दी जाती है। कार्यक्रम में 9 से 26 वर्ष की कुल 60 बालिकाओं को किफायती दर पर टीके लगाए गए। 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को वैक्सीन के दो डोज़ एवं 14 वर्ष से अधिक आयु की युवतियों को तीन डोज़ निर्धारित हैं। दो माह पश्चात दूसरी डोज़ लगाई जाएगी।

शिविर में बी.पी., शुगर, सी.बी.सी., मेमोग्राफी (स्तन जांच), पैप स्मीयर टेस्ट (गर्भाशय जांच), एक्स-रे (फेफड़ों की जांच), सीए-125 (अंडाशय जांच) और पीएसए (प्रोस्टेट जांच) जैसी विभिन्न जांचें नि:शुल्क की गईं।

विशेषज्ञ डॉक्टर निधि गोयल एवं डॉ. यशवर्धन ने टीकाकरण एवं कैंसर जागरूकता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल की मार्केटिंग हेड करूणा शर्मा एवं मार्केटिंग मैनेजर संजीव कुमार ने शिविर के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय को प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। – **संपादक**

## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए



## वर्ग पहेली-16

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | 8 | 9 | | |
| 10 | | | | 11 | | | | |
| 12 | | | | | | | | |
| 13 | | | | | | | 14 | 15 |
| | | 16 | | | 17 | | | |
| 18 | | | 19 | | | | 20 | |
| | | 21 | | | 22 | | | |
| 23 | | | 24 | | | | 25 | |




### संकेत : बाएँ से दाएं

1. हाथ (2)
3. छाया, ठंडक (3)
5. कीचड़ (2)
7. लसीला, लसदार (4)
8. महीना (2)
10. मेरा (2)
11. माल ढोने वाला (5)
12. अवैध व्यापार (5)
13. बिलोवनी (2)
14. सजना शब्द की मूल धातु (2)
17. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का एक उपन्यास (5)
18. जुगनू (5)
20. बंदीगृह (2)
21. पानी (2)
22. तन्मय, मगन (4)
23. यथार्थ, सच्चाई (2)
24. अयोध्या (3)
25. जलकल, टोंटी (2)

### ऊपर से नीचे

1. लेखक, चितेरा (5)
2. छेने की रसदार मिठाई (5)
3. एक धातु, प्लंबस (2)
4. चमत्कार (4)
6. उड़ीसा प्रांत का एक शहर (3)
9. प्रश्न (3)
11. एक मादक पदार्थ, गाँजा (5)
14. सम सामयिक, एक ही समय का (5)
15. पेट की आग (5)
16. अभिमंत्रित कागज या वस्तु (3)
18. पहाड़ (3)
19. समारोह (3)
22. व्यसन (2)

### वर्ग पहेली 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 इ | | 2 पै | | 3 मु | हा | 4 से | | 5 त |
| 6 ला | प | र | वा | ह | | 7 ह | ह | र |
| ज | | वी | | से | | त | | ब |
| | 8 नौ | | 9 दु | ला | 10 र | | 11 क | त |
| 12 ए | क | अ | ना | र | सौ | बी | मा | र |
| 13 क | र | | 14 ली | ट | र | | ई | |
| ह | | 15 सो | | प | | 16 झू | | 17 सू |
| 18 जा | गी | र | | 19 क | ल | म | का | र |
| र | | 20 ठा | न | ना | | का | | ती |

### पिछले अंक में दी गई प्रविष्टियों में से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियाँ

1. कविर भंसाली सुपुत्र श्री रवि भंसाली (4 वर्ष)
2. निभीष सुपुत्र श्री अभिषेक माहेश्वरी (6 वर्ष)
3. प्रशान्त हेडा सुपुत्र श्री दिनेश कुमार हेडा (9 वर्ष)
4. शाश्वत तोषनीवाल सुपुत्र श्री संकेत कुमार (10 वर्ष)

## नर सेवा, नारायण सेवा :
## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प

श्री मनीष जी सोनी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 22 मई, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्रीमती सीमा-मनीष सोनी, मानसी, निष्ठा सोनी, श्री परसुराम बागड़ी एवं सोनी परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्री राधेश्याम जी परवाल के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 29.05.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्री राधेश्याम परवाल, श्री जयकृष्ण, श्रीमती उमा एवं श्रीमती खुशबू परवाल एवं रुचिता धूत सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्री मनीष जी सोनी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को शुक्रवार, दिनांक 6.06.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्री अनिल नोवाल, श्री मनीष सोनी एवं परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्री मनोज जी काबरा के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 12.06.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्रीमती मनीषा काबरा, मान्सी काबरा एवं परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर**
द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर

**मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु**



**महेश बैकुंठ रथ**
**(मोक्ष वाहिनी)**
**की सेवाएँ संचालित हैं।**

सम्पर्क सूत्र
**97859-85000, 99502-69470, 96948-68177**


## देहदान संकल्प पत्र पर आभार

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के निम्न समाज बन्धुओं द्वारा मरणोपरान्त अपनी देह का दान शरीर रचना विभाग को करने हेतु संकल्प पत्र भरकर मानवता की सेवा में इनके इस योगदान हेतु इनको सादर साधुवाद देता है।



**श्रीमती संतोष मूंदड़ा**
नया खेड़ा, अजमेर रोड



**श्री राजेन्द्र भाला**
विद्याधर नगर



**श्रीमती मृदुला मोदानी**
शास्त्री नगर

**सादर वंदन एवं आभार**

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

**सुरेन्द्र बजाज**
संयोजक-नेत्रदान देहदान प्रेरणा प्रकल्प समिति

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री

# हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

## यश भराड़िया बना प्रदेश का दूसरा इंटरनेशनल मास्टर

यश भराड़िया सुपुत्र डॉ. वंदना-डॉ. ललित भराड़िया ने शतरंज में इंटरनेशनल मास्टर बनने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। यश ने इंटरनेशनल मास्टर के लिए जरूरी तीसरा नार्म 3 जून, 2025 को सर्बिया में संपन्न शतरंज प्रतियोगिता में हासिल किया।



यश राजस्थान के दूसरे इंटरनेशनल मास्टर (अभिजीत गुप्ता के बाद) बन गए हैं। शतरंज के साथ यश पढ़ाई में भी हाल ही में कक्षा दसवीं में 93.2% अंक प्राप्त किए हैं।

**सीए विनीत मारू** सुपुत्र श्रीमती मिथलेश (मीरा)-विनोद मारू को ICAI BAHRAIN का वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष चुने जाने पर।





**श्री विनोद सोमानी**



**श्री आनंदी लाल बंग**

सुभाष नगर नागरिक विकास समिति के सत्र 2025-27 के लिए हुए चुनवों में **श्री विनोद सोमानी** को अध्यक्ष एवं **श्री आनंदी लाल बंग** को सह मंत्री निर्वाचित होने पर।



**अंशिता मांधना** सुपुत्री श्रीमती लक्ष्मी-अवधेश मांधना को केंद्रीय मा. शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए जयपुर में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर।



**कृर्तिका** सुपुत्री श्रीमती प्रिया-पवन बंग को CBSE सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में 94.40% अंक प्राप्त करने पर।

**स्वस्ति** सुपुत्री श्रीमती इन्द्रा-करुणेश सोमानी को CBSE सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में 97.60% अंक प्राप्त करने पर।



**पार्थ** सुपुत्र श्रीमती किरण-स्व. कमल किशोर जाखोटिया को CBSE सैकेण्डरी परीक्षा में 96.00% अंक प्राप्त करने पर।



**सिया** सुपुत्री श्रीमती नीतू-सपन कुमार लढ्ढा को CBSE सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में 92.60% अंक प्राप्त करने पर।





**खुशी** सुपुत्री श्रीमती वंदना-आलोक मोदानी को CBSE सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में 92.40% अंक प्राप्त करने पर।



**वनिशा** सुपुत्री श्रीमती प्रीति-मनीष कुमार माहेश्वरी को CBSE सैकेण्डरी परीक्षा में 96.80% अंक प्राप्त करने पर।



**मान्या** सुपुत्री श्रीमती रुचि-विवेक बियानी को CBSE सैकेण्डरी परीक्षा में 95.40% अंक प्राप्त करने पर।



**अदित** सुपुत्र श्रीमती स्वाति-नितिन सोमानी को CBSE सैकेण्डरी परीक्षा में 95.00% अंक प्राप्त करने पर।

## नवदाम्पत्य वर-वधू को आशीर्वाद व मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएँ

| दिनांक | वर | वर के पिता/माता | वधू | वधू के पिता/माता |
|---|---|---|---|---|
| 17.05.2025 | धीरज | श्री बसंत माहेश्वरी (बागड़ी) | रुचिका | श्री सुन्दर लाल मून्दड़ा |
| 18.05.2025 | राहुल | श्री जय कुमार बजाज | मानसी | श्री कृष्णदास माहेश्वरी |
| 23.05.2025 | करण | श्री राजेन्द्र माहेश्वरी | शुभी | श्री गणेश |
| 24.05.2025 | भूपेन्द्र | श्री जसबीर सिंह | तन्वी | श्री गोपाल जाजू |
| 01.06.2025 | मयंक | श्री उमेश कुमार जाजू | प्रतिभा | श्री सुशील |
| 04.06.2025 | मोहित | श्री अनिल कुमार लढ्ढा | पूजा | श्री पवन कुमार सोमानी |
| 05.06.2025 | हर्षिल | श्री मुकेश माहेश्वरी | राधिका | श्रीमती ऊषा देवी घाटीवाला |
| 07.06.2025 | पर्व | श्री पवन मालू | कृतिका | श्री सुरेश कुमार मांधना |
| 07.06.2025 | माधव | श्री राजेश कुमार राठी | महिमा | श्री सुरेश कुमार लढ्ढा |
| 07.06.2025 | श्रीकमल | श्री विजय किशन जाजू | पारुल | श्री अशोक |
| 09.06.2025 | प्रवीण | श्री जय प्रकाश आगीवाल | विनिता | श्री कैलाश चन्द्र चौखड़ा |
| 09.06.2025 | निर्भय | श्री सुनील खटोड़ | राशि | श्री गोपाल राठी |
| 10.06.2025 | विनीत | श्री अरुण जाजू | ज्योति | श्री मदन लाल |

## समाज बन्धुओं द्वारा अपने पुत्र-पुत्री के परिणयोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर आभार

| सहयोगकर्त्ता | राशि |
|---|---|
| श्री कमल कुमार काबरा | 31,000 |
| श्री राजेन्द्र माहेश्वरी | 11,000 |
| श्री विजय किशन जाजू | 11,000 |
| श्री शरद काबरा | 5,100 |
| श्री पवन मालू | 3,100 |
| श्री सुरेश कुमार मांधना | 3,100 |
| श्रीमती उषा देवी घाटीवाला | 2,100 |
| श्री सुनील खटोड़ | 2,100 |
| श्री गोपाल राठी | 2,100 |
| श्री गोपाल जाजू | 2,100 |
| श्री राजेश कुमार राठी | 2,100 |
| श्री सुरेश कुमार लढ्ढा | 2,100 |
| श्री अरुण जाजू | 2,100 |
| श्री बसंत माहेश्वरी (बागड़ी) | 1,100 |
| श्री उमेश कुमार जाजू | 1,100 |
| श्री अनिल कुमार लढ्ढा | 1,100 |
| श्री पवन कुमार सोमानी | 1,100 |
| श्री जयप्रकाश आगीवाल | 1,100 |




# माहेश्वरी वंशोदय फिल्म

भारतवर्ष की प्रतिष्ठित वैश्य ''माहेश्वरी'' जाति की उत्पत्ति एवं पूर्वजों के जीवन चरित्र की सुन्दर कथा पर एक फिल्म ''माहेश्वरी वंशोदय'' बनाया जाना प्रस्तावित है।

जिसे देशभर के माहेश्वरी समाज में प्रदर्शित करके नई पीढ़ी को माहेश्वरी होने के गौरवमयी इतिहास से अवगत कराया जाएगा।

अभिनय एवं कला के क्षेत्र में माहेश्वरी समाज का नाम गौरवान्वित करने वाले कलाकार, इच्छुक माहेश्वरी बन्धु एवं युवक-युवतियाँ जिन्हें अभिनय में रुचि हो, सम्पर्क करें।

**चन्द्रमोहन शारदा**
वरिष्ठ पत्रकार एवं कलाप्रेमी
सम्पर्क सूत्र : 98291 17051

92 वर्ष पूर्व (संवत् 1990) श्री बालकृष्ण लाहोटी, हैदराबाद द्वारा लिखित ''माहेश्वरी वंशोदय'' नाटक की दुर्लभ एकमात्र मूल प्रति जिसे बहुत आग्रह के बाद ''माहेश्वरी'' पत्रिका, नागपुर के सम्पादक श्री राकेश जी भैया ने जर्जर स्थिति में होने के बावजूद अपने निजी कलेक्शन से उपलब्ध कराई है। हम आभार प्रकट करते हैं। इस नाटक की स्क्रीप्ट के अनुसार फिल्मांकन किया जाएगा।

दिनांक
01-07-2025




# सूर्य प्रकाश गगरानी

जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभमंगल कामनाएँ

शुभकामनाओं सहित
**गीता देवी गगरानी** (माताजी), **गौरी गगरानी** (धर्मपत्नी)
**अमर सक्सेना** (साला) • मो. 9214682000


## महिला परिषद द्वारा क्रीडा दिवस का आयोजन




दिनांक 17 मई, 2025 को श्री माहेश्वरी महिला परिषद, जयपुर द्वारा MPS इंटरनेशनल के संदीपनी सभागार में क्रीडा दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन जी शर्मा (पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष जयपुर) ने प्रोग्राम में शिरकत कर प्रोग्राम में समा बाँध दिया। उन्होंने महिलाओं को अपने आप को खुश, स्वस्थ रखने की टिप्स दी। इसके अलावा अपने आप को महत्व देने की बात कही, जिस पर सभी महिलाओं ने तहेदिल से उनका स्वागत किया।

प्रोग्राम को शुरू किया गया बैडमिंटन के खेल के साथ उसके बाद पहल-दूज, रस्सीकूद, थ्री लेग रेस एवं पत्ते पर पता आदि सारे गेम खेले गए। बड़ों, बच्चों सहित सबने गेम्स का आनंद लिया एवं स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठाया और सुमन जी शर्मा ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

अध्यक्षा ज्योति जी तोतला एवं क्रीडा सचिव डॉ. पूनम करवा ने सभी पधारी हुई महिलाओं का एवं परिषद की बहनों का धन्यवाद किया।








# माहेश्वरी समाज मानव मात्र की सेवा में अग्रणी है। पूरे देश के माहेश्वरी भवन सर्व समाज के लिए खुले हैं।

**–संदीप काबरा**




अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्री संदीप काबरा ने कहा कि माहेश्वरी समाज खुद के लिए नहीं जीता, वह देश की रक्षा एवं मानव मात्र की सेवा के लिए प्रथम स्थान पर खड़ा है। श्री काबरा 25 मई को जयपुर में श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के जनोपयोगी भवन 'अभिनन्दन' के दानदाता स्नेह मिलन समारोह के अवसर पर जवाहर नगर स्थित तक्षशिला सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी जाति संख्या में बहुत कम है लेकिन सेवा कार्यों में अन्य जातियों की तुलना में बहुत अधिक आगे हैं।

पूरे देश भर में समाज के भवनों, शिक्षण संस्थाओं इत्यादि अन्य सुविधाओं में कही भी रिजर्वेशन नहीं है। सर्व समाज के उपयोग के लिए खुला है।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज माहेश्वरी समाज, जयपुर पूरे देश में सेवा कार्यों हेतु प्रथम स्थान रखता है। समाज द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं पर सभी को गर्व है। अब जयपुर समाज चिकित्सा के क्षेत्र में भी कदम रख चुका है, जो हर्ष का विषय है।

इस अवसर पर श्रीगंगानगर के विधायक श्री जयदीप बिहाणी ने कहा कि जयपुर माहेश्वरी समाज ने पूरे देश में जो नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए है वह स्वागत योग्य है। राजनैतिक क्षेत्र में भी माहेश्वरी समाज की खूब प्रशंसा होती है।

समारोह में समाज अध्यक्ष श्री केदार मल भाला ने अपने उद्बोधन में समाज द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों व उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष श्री केदार मल जी भाला तथा समाज महामंत्री श्री मनोज मूंदड़ा जी की भी उपस्थिति रही, समाज जनोपयोगी भवन 'अभिनन्दन' के अध्यक्ष श्री शांतिलाल जागेटिया ने सभी दानदाताओं का स्वागत किया।

'अभिनन्दन' के सचिव श्री महेश साबू ने बताया कि सभी आधुनिक सुविधाओं युक्त यह भवन समाज बन्धुओं के लिए मात्र 1.25 लाख रु. प्रतिदिन के शुल्क में उपलब्ध है। इस भवन में न केवल शादी-विवाह और अन्य मांगलिक कार्य, बल्कि लॉयन्स व रोटरी क्लबों द्वारा परिचर्चाएं, कॉर्पोरेट कम्पनियों की सेमीनार, भागवत कथाएं तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होती हैं।

समारोह के अन्त में बेंगलुरु निवासी अंजना चाण्डक ने अपनी विशिष्ट कथा-वाचन शैली में धर्मनायिका द्रोपदी की आत्मा को प्रभावी नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत कर दर्शकों की खूब वाह-वाही लूटी। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री अंकुर बल्लभ चितलांगिया एवं मंच संचालन श्री रामकिशन सोनी ने किया।

## गम और खुशी

बड़े चर्चे है गम के, इस जीवन में।
पर मुझे कहीं नजर नहीं आया।
जिधर नजर डाली मेने,
उधर खुशी ही खुशी को पाया।
एक दिन उदास हो कर,
पुकारा गम को।
एक दिन मेरे पास भी आओ।
और आ कर के,
कभी मुझे भी गले लगाओ।
कहा गम ने मुझ को,
जब भी मैं तेरे पास आता हूँ।
'फक्कड़' मस्त मौला
देख कर तुझ को,
मैं खुद खुशी में बदल जाता हूँ।

**–श्यामसुंदर सामरिया**

## कृपा करो भगवान

हे! दयालु दया निधान,
हम पर कृपा करो भगवान।
नित्य उठ आपको ही ध्याऊं,
चरणों में शीश नवाऊं।
करु हमेशा गुण गान,
हम पर कृपा करो भगवान।
राग द्वेष को दूर भगाऊं,
उधारी शरीर में आपको पाऊं।
यह रहें हर पल ध्यान,
हम पर कृपा करो भगवान।
ना रहे आशाएं अधूरी,
होती रहे जरूरतें पूरी।
रख लो मेरी आन,
हम पर कृपा करो भगवान।
निकले जब 'शिवा' के तन से प्राण,
मुख में हो बस आपका ही नाम।
हो मेरी ऐसी शान, हम पर कृपा करो भगवान।
हे! दयालु दया निधान,
हम पर कृपा करो भगवान।
हंसते रहें - हंसाते रहें

**शिव रतन माहेश्वरी**

## मुस्कराकर देख लीजिएगा

हम मानव के वश में कुछ नहीं
सब कुछ प्रभु के हाथ में है
जो बस में है उस पर गौर अवश्य कीजिए
अपने रिश्तों पर समय निकालकर
एक निगाह अवश्य डालते रहिए
जिन्हें केवल आपकी इनायत चाहिए
कभी हाथों में हाथ लेकर..
कभी कंधे पर हाथ रखकर
कभी हग कर सिर्फ और सिर्फ
मुस्कराकर देख लीजिएगा और
वाणी से इतना सा कह दीजिए मैं हूँ ना तो शायद
ही नही विश्वास करिएगा
तुम्हारे और उनके मध्य रिश्तों में
मधुरता का प्रवाह बना रहेगा

दुनिया कहेगी रिश्ता हो तो इनके जैसा
कितना फक्र होगा तुमको अपने आप पर
जिंदगी की उम्र कब हमसे रूठ जाए कोई पता नहीं
एकदम ताजा प्रमाण प्रभु की लीला का सुन
लिया होगा टीवी पर देख लिया होगा

जिस प्लेन दुर्घटना में सवार
सब यात्रियों को पता नहीं था कि
वो अपनी अंतिम श्वास की
यात्रा पर जा रहे है..
जहां कोई कंधा देने वाला भी न होगा
सिर्फ दो से तीन मिनट्स में
प्रभु ने अपना निर्णय दे दिया
उन लोगों को जिन्होंने कितनी ही ख्वाहिशों को
पूरा करने का ख्वाब देख रखा था
आज के बाद वो सब लोग
चित्रों में यादों में समाए रहेंगे

जो पल प्रभु ने दिए हैं उसमें अगर
आपस में शिकवा शिकायत है तो
आमने-सामने बैठकर संवाद कर
लीजिए मन शांत हो सकता है
अन्यथा सामने वाले के जवाब का
इंतजार न कर अपनी राह
स्वयं जुदा कर लीजिए
जिससे शेष जिंदगी तो सुकून से
गुजरेगी जो अफसोस बचेगा
वह भी धीरे-धीरे स्वतः
खत्म हो जायेगा

**– किशन राठी**


**विद्युत चालित एवं पारदर्शी "जागृति अन्तिम दर्शनिका"**

अन्तिम संस्कार में देरी की संभावना हो तो, मृत शरीर को ज्यों का त्यों बिना बर्फ आदि के कई दिनों तक 'जागृति अन्तिम दर्शनिका' में अन्तिम दर्शन हेतु यथा स्थिति में आपके घर पर ही रखा जा सकता है। मृत शरीर के डीकम्पोज होने व इससे होने वाले संक्रमण से परिवार व मित्र बच पाते हैं। यह सुविधा 24 घण्टे पूर्ण रूप से निःशुल्क उपलब्ध है।

**सम्पर्क सूत्र :- जयकृष्ण जाजू-98290 53031, सुदर्शन फोमरा-93140 36672, आनन्द दम्मानी-93145 00979**

**गणगौर सेवा केन्द्र**

★ मेडिकल पलंग ★ व्हील चेयर ★ ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर ★ यूरिन पॉट ★ टॉयलेट पॉट ★ टॉयलेट चेयर ★ वाकर ★ स्टिक ★ बैसाखी ★ बैक रेस्ट ★ वॉटर बेड ★ एयर बेड

मानव सेवार्थ निःशुल्क (सामान्य अमानती राशि पूर्णतः वापसी योग्य) उपलब्ध

प्रातः 8:00 से 11:00 बजे तक
'गणगौर हाऊस', प्लाट नं. 166, सेक्टर – 2, गणेश पार्क के पास, 'समर्थ' माहेश्वरी जनउपयोगी भवन के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर
0141-2235363
+91-9314243432, +91-9024088439

प्रातः 8:00 से रात्रि 8:00 बजे तक
मंगे फूड इंडस्ट्रीज, प्लाट नं. G-459C, प्रिया सुपरमार्केट के पीछे, होटल वाली गली, रोड नं. 12, विश्वकर्मा, जयपुर
0141-4015444
+91-9309485200

## नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. अरुणेश सक्सेना ने संभाला पदभार





विद्यालय में 16 अप्रैल, बुधवार को नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. अरुणेश सक्सेना ने पदभार ग्रहण किया। डॉ. सक्सेना ने महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन बिहानी, मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू, विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य श्री महेश बाहेती, श्री रामकिशन सोनी की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महासचिव शिक्षा एवं विद्यालय के मानद् सचिव ने डॉ. सक्सेना को बधाई दी तथा अपने शुभकामना संदेश में उनके नेतृत्व में विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एम.पी.एस. जवाहर नगर के प्राचार्य श्री अशोक वैद, विद्यालय के उप प्राचार्य श्री राजेश नवल भी उपस्थित रहे। नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. अरुणेश सक्सेना ने कहा कि विद्यालय में सर्वोत्तम शिक्षण संसाधनों के साथ उत्तम शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा विद्यालय व विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन





माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा 23 मई को घोषित कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने कीर्तिमान रचा। विद्यालय के मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू ने बताया कि कला संकाय में छात्रा वेदांशी





शर्मा ने 96%, विज्ञान संकाय में छात्र योगराज नरानिया ने 95.2% एवं वाणिज्य संकाय में छात्रा खुशनुमा बानो ने 93.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कुल 27 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर ऐतिहासिक परिणाम दिया। 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के कुल 387 विद्यार्थियों में से 359 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से और 28 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए तथा विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

28 मई को घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए छात्रा नंदिनी खींची ने 96.83%, कृति सैनी ने 95.33% तथा छात्र आयुष शर्मा ने 95.17% अंक प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के कुल 207 विद्यार्थियों में से 176 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से और 31 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए तथा 14 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणाम दिया। 10वीं बोर्ड परीक्षा में भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं अपने गुरुजन को दिया। श्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को विद्यालय के मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू, भवन मंत्री श्री द्वारका दास नोवाल व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य श्री महेश बाहेती ने बधाई दी तथा माला पहनाकर सम्मानित करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एम.पी.एस. संस्कृति, तिलक नगर

### समर स्पलैश कैंप 2025 में बच्चों की क्रिएटिविटी को मिला नया आयाम



बाल विद्यार्थियों के लिए आयोजित समर स्पलैश कैंप में बच्चों की क्रिएटिविटी को नया आयाम मिला। बच्चों में कल्पनाशीलता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए 19 मई से 4 जून तक आयोजित कैंप में अलग-अलग आयु वर्ग के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। तीन से 5 वर्ष आयु वर्ग में बच्चों ने फॉनिक, जुंबा डांस, स्पलैश इन स्वीमिंग पूल, आर्ट एक्टिविटी, वेजिटेबल पेंटिंग, क्राफ्ट, ऑरिगेमी ड्राइंग, कलरिंग आदि तथा 5 से 8 वर्ष आयु वर्ग में मार्शल आर्ट, जुंबा डांस, टाइ एंड डाइ, क्राफ्ट, पेंटिंग, ड्राइंग, मंडल आर्ट, ऑरिगेमी, इंग्लिश स्पॉकन, इंग्लिश-हिंदी रीडिंग व राइटिंग एवं वैदिक गणित आदि विभिन्न कौशलों को सीखा और खूब मौज-मस्ती की। कैंप के दौरान बच्चों ने प्रतिदिन कॉम्पलिमेंटरी सरप्राइज के रूप में स्टेशनरी आइटम और चिप्स, बिस्किट, माज़ा आदि स्वादिष्ट उपहारों का भी लुत्फ उठाया। 17 दिवसीय इस कैंप में बच्चों ने नए दोस्त बनाने के साथ विभिन्न कौशलों को सीखते हुए अनगिनत यादें संजोई। यह कैंप बच्चों के लिए शारीरिक गतिविधियों व विज्ञान के प्रयोगों के आनंद से भरपूर, रोचक और ज्ञानवर्धक रहा।

## विविध कलाओं का संगम : एमपीएस कल्चरल सेंटर



कला व सांस्कृतिक गतिविधियाँ किसी भी शिक्षण संस्था की पहचान होती हैं। ज्यादातर शिक्षण संस्थाएँ इस तरह की गतिविधियाँ करवाती है। पर इनमें से अधिकांश शिक्षण संस्थाओं के पास अपना कोई ऐसा स्थान नहीं होता जहाँ सांस्कृतिक गतिविधियाँ कर सकें। उनके इस तरह के कार्यक्रम बाहर किसी स्थान पर आयोजित किए जाते हैं। इनमें बच्चों, अभिभावकों आदि को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ईसीएमएस की सभी शिक्षण संस्थाओं में यह सुविधा है। इन संस्थाओं के कार्यक्रम इन्हीं स्थानों में होते हैं। कार्यक्रमों के लिए तो यहाँ पर्याप्त स्थान है ही साथ ही इन संस्थाओं में लाईब्रेरी, एक्टिविटी हॉल व लैब आदि भी हैं।

इसी कड़ी में एम.पी.एस. जवाहर नगर में एक अत्याधुनिक कलचरल सेंटर का निर्माण किया गया हैं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में यह सेंटर काफी सहायक सिद्ध हो रहा है। इसका निर्माण विद्यार्थियों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक-तकनीकी विकास, कौशल विकास के साथ-साथ विद्यार्थियों की ललित कलाओं में दक्षता के लिए माहेश्वरी शिक्षा समिति का यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

कल्चरल सेंटर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मानकों व दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्व प्राथमिक विद्यालय एम.पी.एस. संस्कृतिक, एक इनक्यूवेशन सेंटर व ए.आई. आधारित रोबोटिक लैब्स, नवीनतम तकनीक से सुसज्जित अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब सह पाठ्यचर्या जुड़ाव के लिए समर्पित एक विशाल गतिविधि हॉल, एक अत्याधुनिक लाईब्रेरी व अभिभावकों व जन सामान्य के लिए पुस्तकालय है। यह भवन अत्याधुनिक तकनीक से स्टील स्ट्रक्चर, स्मार्ट ग्लास व आकर्षक एलेवेशन को प्रमुखता देते हुए बनाया गया है। करीब 27656 वर्ग फीट में बनी यह बिल्डिंग पुरानी बिल्डिंग से कनेक्टेड है, जिसकी जानकारी यहाँ दी जा रही है।

### स्किल डेवलपमेंट सेंटर

एमपीएस जवाहर नगर विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। इसी शृंखला में एमपीएस बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर एक स्किल डवलपमेंट सेंटर का निर्माण किया गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह सेंटर बच्चों के बौद्धिक व मानसिक विकास में सहायक हो रहा है। करीब 7000 वर्ग फीट में बने इस सेंटर को नवीनतम तकनीक से डिजाईन किया गया है।

इस स्किल सेंटर में स्थापित लैब में 88 कम्प्यूटर लगाए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी एक साथ इसका उपयोग कर सकें। रोबोटिक और आर्टिफिशियली इंटैलीजेंस (एआई) लैब भी इस स्किल सेंटर की विशेषता है। लैब में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने सम्बन्धी अनेक सुविधाएँ हैं। सेंटर में एक जुगाड़ लैब भी स्थापित की गई है, जिसमें बच्चे नवाचार कर सकेंगे। इससे नए प्रयोग सामने आएँगे।

महत्वपूर्ण एक बात यह है कि यह सेंटर मात्र विद्यार्थियों के लिए ही नहीं है बल्कि माहेश्वरी समाज के जो भी युवक-युवतियाँ चाहें, तो इस स्किल सेंटर का उपयोग कर सकती हैं।

### एमपीएस संस्कृति प्री-प्राइमरी स्कूल

एमपीएस जवाहर नगर ने छोटे बच्चों के लिए संस्कृति प्री-प्राइमरी स्कूल के रूप में बहुत ही अच्छी शुरूआत की है। यह स्कूल उन छोटी उम्र के बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रहा है, जिन्हें किताबों से पढ़ाना मुश्किल होता है। उन बच्चों को किताबे पसंद नहीं होतीं स्कूल का प्ले ज़ोन ऐसे बच्चों को बाँधे रखने में सक्षम सिद्ध हो रहा है। बच्चे बिना तनाव के यहाँ अन्य बच्चों के साथ खेलते हैं, उनसे परिचय करते हैं, कुछ ही समय में बच्चे आपस मे हिल-मिल जाते हैं।

प्री-प्राइमरी स्कूल के क्लासरूम बहुत ही आकर्षक हैं। वहाँ विभिन्न प्रकार के गेम्स तो हैं ही, साथ ही दीवारों पर फल-सब्जियाँ, जंगल, व पशु-पक्षियों के आकर्षक चित्र बने हुए हैं। बच्चों को समझाने के लिए आकर्षक बोर्ड बनवाए गए हैं। यहाँ एक क्लासरूप में 24 बच्चों के बैठने की व्यवस्था है। क्लासरूम में उन चीजों को प्रमुखता दी गई है, जिनसे बच्चों को प्रकृति का आभास हो।

### एनर्जी हब

बिल्डिंग के सैकेंड फ्लोर पर बना यह हॉल पूर्ण रूप से कला व संस्कृति को समर्पित है। इसे एनर्जी हब का नाम दिया गया है। इस हॉल में आते ही लोग एक कलात्मक दुनिया में खो जाते है। देश के विभिन्न राज्यों की कला-संस्कृति को उभारती यहाँ लगी कला-कृतियाँ सभी का मन मोह लेती हैं। इन्हें देखते हुए ऐसा लगता है कि जैसे पूरा भारत एक जगह एकत्र हो गया हो। इस हॉल में डांस, ड्रामा, कॉमेडी, सिंगिंग आदि के लिए भी स्थान बनाया गया है। इसमें विद्यार्थी अपनी मनपसंद एक्टिविटी कर सकते हैं। इस एनर्जी हब का संरक्षण कुछ कला-प्रेमी अध्यापक कर रहे हैं। उनके निर्देशन में बच्चों को अपनी कला सम्बन्धी अभिव्यक्ति का अवसर मिल रहा है।

### विशाल लाईब्रेरी

बिल्डिंग के थर्ड फ्लोर पर एक विशाल लाईब्रेरी की स्थापना की गई है। लाईब्रेरी को ज्ञान का भंडार कहा जाता है। इस लाईब्रेरी की विशेषता यह है कि यहाँ देश-विदेश के प्रसिद्ध व प्रमुख लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध है। यहाँ सिर्फशैक्षणिक पुस्तकें ही नहीं, बल्कि विश्व के महानतम लेखकों की विभिन्न विषय पर पुस्तकें यहाँ है। कुछ पुस्तकें तो बहत ही दुर्लभ हैं।

लाईब्रेरी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि किसी भी लेखक की, किसी भी विषय की पुस्तक खोजने में कोई दिक्कत न हो, वह आसानी से मिल जाए। इस लाईब्रेरी की विशेषता यह है कि यहाँ हॉल व रूम में तो पुस्तके पढ़ने की सुविधा है ही, साथ ही यहाँ एक ओपन स्पेस भी है, जहाँ के खुले वातावरण में बैठकर पुस्तक प्रेमी पुस्तक पढ़ सकते है। इस लाईब्रेरी की संरचना इतनी आकर्षक है कि जो भी पहली बार लाईब्रेरी में आता है, वह अचंभित रह जाता है। करीने से सजी पुस्तकें उसका मन मोह लेती हैं।

## बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ परिणामों के साथ विद्यालय को किया गौरवान्वित

- **कक्षा 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन**- 22 मई, 2025 को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग व वाणिज्य वर्ग का परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग में विद्यालय की 20 छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा इफरा खान ने 97.40% अंक प्राप्त कर ECMS द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थाओं में विज्ञान वर्ग में सबसे Highest Percentage प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

  वाणिज्य वर्ग में विद्यालय की होनहार 28 छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रा कीर्ति चट्टानी ने सर्वाधिक 96.20% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला, भवन मंत्री श्री प्रकाश जी काहल्या, कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने इस अवसर पर छात्राओं को बधाई दी।




- **कक्षा 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशतः**- 28 मई, 2025 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा कक्षा 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय की 36 मेधावी छात्राओं ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, छात्रा तनीषा अग्रवाल




ने 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय, माता-पिता तथा परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला, भवन मंत्री श्री प्रकाश जी काहल्या, कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी, उपप्राचार्य श्री प्रमोद जाजू ने भविष्य में भी इसी प्रकार कर्मपथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

- **5वीं और कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के साथ छात्राओं का शानदार प्रदर्शनः**- प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर द्वारा कक्षा 5वीं व 8वीं सत्र 2024-25 का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित




किया गया। दोनों ही कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 5वीं बोर्ड में कुल 111 तथा 8वीं बोर्ड में कुल 159 छात्राएँ शामिल हुईं, सभी परीक्षार्थियों ने श्रेष्ठ ग्रेड अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। श्रेष्ठ ग्रेड अर्जित करने वाली मेधावी छात्राओं को मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला, विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सेवानिवृत्ति कार्यक्रम



15 मई, 2025 को विद्यालय की कम्प्यूटर अध्यापिका श्रीमती पूनम तिवारी का दीर्घ 22 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला, प्रबन्ध समिति के सदस्यगण, कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी, उपप्राचार्य श्री प्रमोद जाजू, समस्त स्टॉफ व श्रीमती पूनम तिवारी के परिवारजन उपस्थित थे। इस भावुक पल में सभी वक्ताओं ने उनके समर्पण, कर्त्तव्यनिष्ठा को अतुलनीय बताते हुए उनके मृदुभाषी व्यवहार की प्रशंसा की। श्रीमती पूनम तिवारी ने अपने कार्यकाल को स्मरण करते हुए हृदय से ECMS व सहयोगी साथियों को धन्यवाद दिया।



## बोर्ड परीक्षा परिणामों में दिखाया दम







13 मई, 2025 को जारी किए गए कक्षा 10 वीं तथा 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में mgps, विद्याधर नगर, की छात्राओं ने 100% परीक्षा परिणाम से विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय में 96.8% के साथ सोहा अली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आशका पारीक ने 96.4% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में राशि धूत तथा स्वस्ति गोलवा ने 98.6% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राशि अडवाणी ने 98% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ह्यूमेनिटीज़ संकाय में सानिका चौधरी ने 99.2% प्राप्त कर प्रथम स्थान सुनिश्चित किया एवं कनिका कँवर ने 98.2% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में कुल 85 छात्राओं में से 84 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में वाणिज्य संकाय में 172 में से 165 और ह्यूमिटीज संकाय में 100 में से 94 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में 99% के साथ वरिशा झुनझुनवाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सिमरन शर्मा 98.6% के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं।

## mgps में हुआ मॉक ड्रिल का सफल आयोजन



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को 7 मई को व्यापक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इस आदेश की अनुपालना करते हुए mgps विद्याधर नगर, जयपुर में भी मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल के अंतर्गत बच्चों को हमले की स्थिति में आपातकालीन तैयारी, हवाई हमले से बचने की ड्रिल से अवगत कराया ताकि वे सुरक्षित रहें और मानसिक रूप से भी तैयार हों। मॉक ड्रिल के दौरान 'क्रेश ब्लैकआउट' का अभ्यास कराया, जिसमें सभी लाइटें बंद कर दी गईं, खिड़कियों पर मोटे पर्दे, काले कागज़ लगा दिए गए। छात्राओं को इस बात का भी अभ्यास कराया गया कि कैसे आपातकालीन सायरन बजने पर तुरंत किसी सुरक्षित इमारत, घर या बंकर में शरण ली जाती है। छात्राओं को सिविल डिफ़ेंस का प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें यह समझाया गया कि कैसे आपातकालीन स्थिति में स्वयं को, बुजुर्गों व विशेष ज़रूरत वाले लोगों को सुरक्षित किया जा सकता है।

## 'मातृ दिवस' पर बच्चों ने मिलाए माँ के साथ कदम



दिनांक 10 मई, 2025 को एमजीपीएस विद्याधर नगर, जयपुर के सभागार 'कलानिधि' में मातृ दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना को प्रदर्शित किया। इस दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्री प्राइमरी 'एमजीपीएस संस्कृति' की नन्हीं कलियों ने अपनी माँओं के साथ विंटेज लुक में रैम्प वॉक की। कक्षा एक तथा दो की छात्राओं ने 'ट्विनिंग परेड' के अंतर्गत अपनी माँ के साथ समान परिधानों में रैंप वॉक की, जिसे देखकर अतिथिगण व दर्शकगण भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर विद्यालय मानद सचिव श्री घनश्याम जी कचौलिया, महामंत्री समाज श्री मनोज जी मूंदड़ा तथा समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। निर्णायक गण के रूप में कनक जी जैन (असिस्टेंट कलेक्टर, चौमू ऑफिस), सुनीता जी सोनी, शोभा जी शारदा तथा नंदिनी जी माहेश्वरी उपस्थित थीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता जी वशिष्ठ तथा प्राइमरी इंचार्ज अमृता जी शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी माँओं को ऐसे ही जोश व उत्साह के साथ प्रत्येक अवसर पर साथ देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता जी वशिष्ठ एवं अतिथिगण ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और 'मातृ दिवस' को मनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों और माताओं के बीच मज़बूत संबंध स्थापित होते हैं। प्री प्राइमरी इंचार्ज पूजा जी सोनी ने उपस्थित जन का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

## CATC कैम्प का हुआ आयोजन

विद्यालय परिसर में 16 मई से 25 मई तक NCC के CATC कैम्प का आयोजन हुआ। जिसमे संपूर्ण राजस्थान से 11 विद्यालयों और 6 कॉलेज के 500 कैडेट्स ने भाग लिया। इस कैम्प के तहत लगभग 15 तरह की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। mgps ने 8 ट्रॉफी 44 मेडल्स और 45 सर्टिफिकेट प्राप्त कर अपना वर्चस्व कायम रखा।

## सेमी क्लासिकल फ़्यूज़न गायन में जीता स्वर्ण पदक



ब्राइटलैंड गर्ल्स स्कूल के द्वारा 14 मई को आयोजित इंडियन सेमी क्लासिकल फ़्यूज़न गायन प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## जीती CWS स्कॉलरशिप

विद्यालय की प्रतिभावान एनसीसी कैडेट्स राखी चौधरी, देशना सिंघल और मुद्रिका पारीक ने NCC हेडक्वार्टर की तरफ से CWS स्कॉलरशिप जीती। जिसके अंतर्गत प्रत्येक कैडेट को 6000 ₹ की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के मानद सचिव व प्रधानाचार्या जी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



Cdt Rakhi Choudhary | Cdt Deshna Singhal | Cdt Mudrika Pareek

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मदर्स डे एवं फ्रेशर्स फिएस्टा



10 मई, 2025 को विद्यालय में कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी: 'डेस्क मेट्स इंक एंड इमेजिनेशन' एवं मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. कल्पना शर्मा एवं श्रीमती निधि शर्मा पधारीं। मानद् सचिव सीए. गणेश बाँगड़ द्वारा दिए गए स्वागत भाषण में संस्कृति की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के प्रण के प्रति कटिबद्धता व्यक्त की गई। कक्षा प्रथम के सभी विद्यार्थियों ने विविध गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें आर्ट-एक्टिविटी, गीत-गायन, कहानी प्रस्तुतीकरण, नृत्य एवं रैंपवॉक आदि प्रमुख रहीं।

## इनवेस्टीचर्स सेरेमनी



13 मई, 2025 को विद्यालय में सत्र 2025-26 हेतु नवीन विद्यार्थी परिषद् का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डॉ. जीवन सिंह राजपुरोहित के सान्निध्य में अंकुश जांगिड को हैड-बॉय एवं पुरवई माहेश्वरी को हैड-गर्ल के रूप में चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय के चारों सदनों ने अपने कैप्टेन के नेतृत्व में कार्यभार ग्रहण किया। विद्यालय के मानद सचिव सीए. गणेश बाँगड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नवगठित कार्यकारिणी को निष्ठा के साथ कर्त्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलवाई।

## 'राममय जग सारा' थीम पर मनाया गया 17वाँ स्थापना दिवस समारोह



15 मई, 2025 को विद्यालय का 17वाँ स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। वर्तमान समय में राम के आदर्शों की प्रासंगिकता को मद्देनजर रखते हुए 'राममय जग सारा' थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथियों के रूप में पधारे प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. शिव गौतम व प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति श्री बलदेवजी राठी का स्वागत ईसीएमएस अध्यक्ष श्री केदार मल भाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय पत्रिका (Elixir) का विमोचन भी किया गया। इसी क्रम में सत्र 2024-25 में 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों व वार्षिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## परीक्षा परिणाम ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

सीबीएसई द्वारा सत्र 2024-25 के घोषित दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय में दिव्यांश अग्रवाल ने 95.20% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया, वहीं वाणिज्य संकाय में रक्षित जायसवाल 96.40% अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ रहे, ह्यूमैनिटीज में अभिनव अग्रवाल ने 95.7% अंक प्राप्त किये। कक्षा दसवीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में लक्ष्य मेहरा ने 98.40% अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद् सचिव सीए. गणेश जी बाँगड़ ने भी विद्यार्थियों को उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी और आगामी वर्षों में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम की कामना की।

## MPS संस्कृति, प्रताप नगर का लोकार्पण संपन्न

दिनांक 18 मई, 2025 को एमपीएस, प्रताप नगर में एमपीएस, संस्कृति के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर सम्मानित अतिथियों के रूप में पधारे श्री जवाहर सिंह बेढम, गृह राज्यमंत्री, राजस्थान सरकार एवं प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी श्री राजकिशोर जी मालपानी के साथ माहेश्वरी शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री केदारमल भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन बिहानी, कोषाध्यक्ष सीए. अनिल कुमार सारडा, विद्यालय के मानद् सचिव सीए. गणेश बांगड़, विद्यालय के भवन मंत्री श्री अजय सारड़ा एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की उपस्थिति में उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में पधारे सम्मानित अतिथि श्री जवाहर सिंह बेढम जी द्वारा विद्यालय परिवार को नवीन शिक्षा केंद्र के उद्घाटन हेतु बधाई दी गई और बताया गया कि यह समारोह केवल एक इमारत के उद्घाटन का नहीं बल्कि ज्ञान, संस्कार और भविष्य के निर्माण की नींव रखने का प्रतीक बनेगा। इसी क्रम में उपस्थित अतिथि श्री राजकिशोर मालपानी ने अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय न केवल बच्चों को शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।










## भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा आयोजित

15 मई 2025 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम अधिकारी ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस गौरवशाली यात्रा का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा अल्बर्ट हॉल से किया गया, जो बड़ी चौपड़ तक निकाली गई। कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों और हाथों में तिरंगा लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## आरयूएचएस-सीयूईटी-2025 परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS) द्वारा बीएससी नर्सिंग, फार्मेसी, पैरामेडिकल और फिजियोथैरेपी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आरयूएचएस-सीयूईटी-2025 परीक्षा 27 मई 2025 को आयोजित की गई। जयपुर जिले के कुल 175 केंद्रों पर परीक्षा ऑफलाइन मोड में संपन्न हुई। जिसमें महाविद्यालय को 504 परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र दिया गया, जिनकी परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई।









## एनएसएस वार्षिक कैलेंडर हेतु कार्यशाला आयोजित

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पूर्व सचिव एवं राजस्थान सरकार की पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस कार्यकलापों के वार्षिक कैलेंडर निर्माण हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की ओर से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कीर्ति रावत को आमंत्रित किया गया। क्षेत्रीय निदेशक श्री एस.पी. भटनागर ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारियों, एनएसएस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं और स्वयंसेवकों ने अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए।



## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ ग्रहण

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एन एस एस इकाई द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाना एवं विद्यार्थियों को एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित करना था।



# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, बगरू ✆ 2983705, 8114410588

## नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ




2 अप्रैल 2025 को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अजमेर रोड में परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद नए सत्र का शुभारंभ विद्यार्थियों का रोली-अक्षत से तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर प्रातःकालीन सभा में प्राचार्या श्रीमती दलजीत कौर ने छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए नए सत्र में भी बेहतर प्रयास के लिए प्रेरित किया।



## विशेष प्रार्थना सभाएँ




अप्रैल माह में विद्यालय परिसर की विशेष प्रार्थना सभा में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किए एवं प्राचार्या महोदया सहित सभी शिक्षकवृंद ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचनों के साथ प्रसाद वितरित किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला एवं पुष्प अर्पित किए।

मई माह की विशेष प्रार्थना सभा के अंतर्गत एम.पी.एस. संस्कृति एवं एमपीएस अजमेर रोड में सामूहिक रूप से विद्यालय का स्थापना दिवस, मातृ दिवस, रवींद्रनाथ टैगोर जयंती एवं मजदूर दिवस का आयोजन किया गया।

## एमपीएस संस्कृति

दिनांक 2 अप्रैल 2025 को एमपीएस संस्कृति के नौनिहालों ने अपने शैक्षणिक सत्र का आरंभ फर्स्ट डे मना कर किया। इस दिन शिक्षकों ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को उनके मनपसंद खेल खिलाएँ। गतिविधियों के इसी क्रम में बच्चों ने फर्स्ट ऐड एक्टिविटी, अर्थ डे, हेल्थ एंड हाइजीन डे, ड्रेसअप एक्टिविटी, रेड कलर डे, पूल पार्टी मना कर जीवन के दैनिक एवं नियमित क्रियाकलापों को समझा।

## प्रतियोगिताएं एवं अन्य कार्यक्रम



दिनांक 5 अप्रैल 25 को कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए 'पेरेंट्स ओरिएंटेशन डे' का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों के द्वारा अभिभावकों को विद्यालय एवं उसकी कार्यविधि की संपूर्ण जानकारी दी गई।




दिनांक 9 अप्रैल ए कक्षा- प्रथम एवं द्वितीय के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यथा फैंसी ड्रेस, ग्रुप डांस, कलरिंग एक्टिविटी, ड्राइंग एवं कलरिंग, फार्म टू फूड जैसी गतिविधियाँ रखी गई, जिनमें बच्चों ने पूरे मनोयोग एवं उत्साह से भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किए।

कक्षा तीन से पाँच की एक अंतर्सदनीय प्रतियोगिता 'संस्कृति से हम' में सभी सदनों के प्रतियोगियों ने संस्कृति की झलक दिखलाते हुए लघुनाटिकाएँ प्रस्तुत की। जिसमें खान-पान, रहन-सहन, विभिन्न भाषाओं एवं जीवन मूल्यों का समावेश किया गया था। प्रतियोगिताओं के क्रम में कक्षा 6 से 8 एवं 9 से 12 के समूह में पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता', पुरानी बेकार वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण संबंधी 'प्रोजेक्ट फ्रॉम वेस्ट मटेरियल प्रतियोगिता',




फर्स्ट एड एक्टिविटी, 'इंक्रेडिबल इंडिया क्विज प्रतियोगिता', 'एक्सप्रेस योरसेल्फ प्रतियोगिताओं' का आयोजन किया गया।

क्लब गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 को हेरिटेज क्लब की ओर से वर्ली आर्ट से परिचित करवाने के लिए एक कलाकृति बनवाई गई, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

इन सभी आयोजनों द्वारा विद्यालय का उद्देश्य बच्चों के विभिन्न कौशलों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था।

दिनांक 27 अप्रैल 2025 को ईसीएमएस द्वारा एक भव्य मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें अजमेर रोड के सभी शिक्षकों एवं लगभग 450 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर राम स्तुति के एकसाथ गायन का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया।

